एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि स्वयं सेल्स एजेंसियां प्राईवेट लिमिटेड ने 18 अक्टूबर 2019 को स्वैच्छिक परिसमापन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

स्वयं सेल्स एजेंसियां प्राईवेट लिमिटेड के सभी हितधारको को उपरोक्त मद सं. 7 में वर्णित कार्यालय पते पर अपने दावों के प्रमाण परिसमापक के पास 17 नम्बर, 2019 तक या उससे पूर्व जमा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

वित्तीय लेनदार अन्य सभी इलेक्ट्रॉनिक पद्धति के माध्यम से अपना दावा जमा करना होगा।

दावों के झूठे या मिथ्या प्रमाण जमा करने पर दण्डित किया जायेगा।

हस्ताक्षर / –
करुणा शर्मा
इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल
पंजीकरण संख्या : IBBI/IPA-002/IP-N00340/2017-18/10944
sharma.karuna@gmail.com, मोबईल–9871145777
जी–13, फर्स्ट फ्लोर, साउथ सिटी–2, सेक्टर–50
गुडगांव हरियाणा –122018

दिनांक : 18 अक्टूबर 2019
स्थान : नई दिल्ली



पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

सर्किल कार्यालय : बुलन्दशहर
पता : यमुनापुरम, बुलन्दशहर, उ.प्र.–203001
मोबाइल : 9897912444, फोन : 05732–281724, ई–मेल : cobsrsamd@pnb.co.in

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम ८ एवं ९ के तहत जनसामान्य को ई–नीलामी विक्रय की सूचना, अचल सम्पत्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम ८(६) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण के तहत अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय सूचना

एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों), गिरवीकर्ता(ओं) तथा जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवीकृत/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति(यों), जिस पर पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूत लेनदार के अधिकृत प्राधिकारी ने कब्जा किया है, का विक्रय निम्नलिखित नामधारी कर्जदार(रों), गिरवीकर्ता(ओं) तथा जमानती(यों) से पंजाब नेशनल बैंक प्रतिभूत लेनदार की ओर नीचे वर्णित बकाये की राशि की वसूली के लिए "जहाँ है वहाँ है", "जो कुछ है यही है" तथा "जो भी है वहीं है" के आधार पर 28.11.2019 को किया जायेगा। ज्ञात ऋणभारों, यदि कोई हो, सहित अचल सम्पत्ति का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है।

विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया (1) https://www.pnbindia.in, (2) https://www.pnbindia.biz, (3) https://eprocure.gov.in/epublish/app में प्रावधानित लिंक देखें।

ई–नीलामी का कार्यक्रम

निरीक्षण की तिथि एवं समय	ज.ध.रा. जमा करने की अंतिम तिथि	नीलामी की तिथि एवं समय
25.11.2019 (सोमवार) 12:00 बजे प्रातः से 16:00 बजे अपराह्न तक	26.11.2019 (मंगलवार) 16:00 बजे अपराह्न तक	28.11.2019 (वृहस्पतिवार) 12:00 बजे दोपहर से 14:00 बजे अपराह्न तक

प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की अनुसूची

क्रम सं.	कर्जदार का नाम तथा शाखा	स्वामी(यों)/सम्पत्ति(यों) के गिरवीकर्ताओ का नाम	प्रतिभूत ऋण का विवरण	गिरवीकृत सम्पत्ति(यों) का विवरण	आरक्षित मूल्य	ज.ध.रा.	सरफाएशी अधिनियम की धारा 13(2) के तहत सूचना की तिथि	सरफाएशी अधिनियम की धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि
1.	मैसर्स भारत बायोक्लीन शाखा : सिविल लाइन बुलन्दशहर	श्री सुनील सिंह	रु. 94,41,141.92/– + 01.01.2019 से ब्याज	ग्राम अशरफपुर, खानपुर रोड, खसरा नं. 13, 27, 29एम, 33, 34 तथा 38, तहसील–सियाना, बुलन्दशहर, क्षेत्रफल 1.922 हेक्टे.	रु. 1,65,00,000/– (रु. एक करोड़ पैंसठ लाख मात्र)	रु. 16,50000 (रुपये सोलह लाख पचास हजार मात्र)	02.02.2019	13.05.2019 (सांकेतिक कब्जा)

ई–नीलामी विक्रय के नियम एवं शर्तें :

विक्रय प्रक्रिया प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा पुनः निम्नलिखित शर्तों के आधार पर सम्पन्न होगी :

i. सम्पत्तियों का विक्रय "जहाँ है वहाँ है", "जो कुछ है यही है" तथा "जो भी है वहीं है" के आधार पर किया जा रहा है।
ii. यहाँ ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरण अधिकृत प्राधिकारी की सर्वोत्तम सूचना पर लिखे गये हैं किन्तु अधिकृत प्राधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलतबयानी अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
iii. प्रतिभूत आस्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जायेगा।
iv. नीलामी विक्रय "ऑनलाइन ई–नीलामी के माध्यम से" पोर्टल https://etender.pnbnet.in ; www.pnbindia.in ; www.eprocure.gov.in/epublish/app के माध्यम से किया जायेगा।
v. संविदाकारों को अपनी संविदा जमा करने तथा ई–नीलामी विक्रय कार्यवाही में भाग लेने से पूर्व ई–नीलामी विक्रय के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए पोर्टल https://etender.pnbnet.in; www.pnbindia.in; www.eprocure.gov.in/epublish/app को ध्यानपूर्वक देखने की सलाह दी जाती है तथा/अथवा सम्पर्क करें : श्री कमल किशोर ठाकुर, मुख्य प्रबन्धक, अधिकृत प्राधिकारी (मोबाइल नं. 8171113715)
vi. इच्छुक संविदाकार ज.ध.रा. उपर्युक्त तालिका में उल्लिखित तिथि तक डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से "अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक" के पक्ष में अथवा एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से निम्नलिखित खाते-पंजाब नेशनल बैंक, यमुनापुरम, बुलन्दशहर, खाता सं. 4568002100002378, (आईएफएससी कोड ढ्वट्ठ0456800) में जमा करनी होगी। ड्राफ्ट किसी सहकारी बैंक का नहीं होना चाहिए।
vii. इसके पश्चात ज.ध.रा. जमा करने के उपरान्त संविदाकार अग्रलिखित दस्तावेज जमा करेगा–1. ज.ध.रा. जमा होने का प्रमाण (जब एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से हो) अथवा मूल रूप में डिमाण्ड ड्राफ्ट (जहाँ भुगतान ड्राफ्ट के माध्यम से निर्धारित हो), 2. पहचान प्रमाण–पत्र अर्थात पैन कार्ड आदि की स्कैन की गयी प्रति 3. आवासीय पते का प्रमाण, 4. (अ) संविदाकार का नाम, (ब) मोबाइल नं./सम्पर्क नं. (स) पता, (द) ई–मेल पता (य) ज.ध.रा. की ऑनलाइन वापसी, यदि कोई हो, हेतु संविदाकार के खाते का विवरण। (5) ईएमडी के भुगतान के बाद बोलीदाता को अधोलिखित जमा करना होगाः 1. ईएमडी के भुगतान का प्रमाण (यदि एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा भेजा गया हो) अथवा मूल डिमांड ड्राफ्ट (* यदि भुगतान ड्राफ्ट के द्वारा किया गया हो) 2. आईडी प्रुफ अर्थात् पैन कार्ड आदि की स्कैन की गई कॉपी, 3. आवासीय पते का प्रमाण, 4. क) बोलीदाता का नाम, ख) मोबाईल नं./सम्पर्क नं. ग) पता, घ) ई–मेल का पता, ङ) ईएमडी के ऑन लाइन रिफंड, यदि कोई हो, के लिये बोलीदाता के खाता का विवरण, 5. व्यक्तियों को छोड़कर अन्य बोलीदाताओं को ई–बोली के लिये उपयुक्त मैंडेट भी जमा करना होगा। बोलीदाता को ई–मेल cobsrsamd@pnb.co.in के पते पर प्राधिकृत अधिकारी/नोडल अधिकारी के पास ईमेल द्वारा इन दस्तावेजों को जमा करना होगा तथा साथ हीं "खाता क्रम सं. आईपी में बोली" के रूप में शीर्षांकित मुहरबंद लिफाफे में ऊपर वर्णित पते पर शाखा में प्राधिकृत अधिकारी के पास इन दस्तावेजों (मूल डिमांड ड्राफ्ट) के स्व–सत्यापित हार्ड कॉपी भी जमा करना होगा।
viii. इच्छुक बोलीदाता को मुख्य प्रबंधक, श्री राजवीर सिंह (मो.नं. 8800305533, सर्किल कार्यालय, बुलन्दशहर, यमुनापुरम बुलन्दशहर, उ.प्र.–203001) से अग्रिम में लागिन आईडी तथा पास्वर्ड भी प्राप्त करना होगा जो ई–बोली के लिये अनिवार्य है। यह लॉगिन आईडी तथा पास्वर्ड बोलीदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये ई–मेल के पते पर भेजा जायेगा। यदि वह बोलीदाता को प्राप्त नहीं हो तो वे उपरोक्त अधिकारी से सम्पर्क करें।
ix. केवल वैध यूजर आईडी एवं पास्वर्ड तथा एनईएफटी/आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (जहाँ भुगतान डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया गया हो) के भुगतान की संतुष्ट प्रमाण रखने वाले बोलीदाता ही ऑन लाइन ई–नीलामी में भाग लेने के योग्य होंगे।
x. प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताये बिना किसी या सभी बोलियों को स्वीकार या निरस्त करने यदि स्वीकार्य नहीं हो, अथवा नीलामी को निलम्बित/रद्द/स्थगित करने/अवरुद्ध करने अथवा किसी भी समय नीलामी की शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार प्राप्त है तथा इस संदर्भ में उनका निर्णय अंतिम होगा।
xi. बोलीदाता रु. 20,000/- (रु. बीस हजार मात्र) के गुणक में अपने प्रस्ताव में सुधार कर सकते हैं। यदि बोली नीलामी की समापन समय के अंतिम 5 मिनटों में रखी जाती है तो समापन का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जायेगा।
xii. नीलामी आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी तथा बोलीदाता उपरोक्त रूप में अपने प्रस्ताव में सुधार कर सकते हैं। 'ऑन लाइन नीलामी' की समाप्ति के बाद उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जायेगा तथा वह बिक्री प्रतिभूत क्रेडीटर द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।
xiii. सफल बोलीदाता को तत्काल अर्थात् उसी दिन अथवा अधिकतम अगले कार्य दिवस, जैसा भी मामला हो, को ऊपर क्रम सं. ५ में वर्णित खाता में नीलामी का संचालन करने वाले प्राधिकृत अधिकारी के पास डिमांड ड्राफ्ट द्वारा 25% बोली/बिक्री राशि (जिसमें धरोहर राशि शामिल नहीं है) का भुगतान करना होगा। निर्धारित अवधि में शेष 25% बोली राशि के भुगतान में चूक करने पर जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी तथा प्रतिभूत परिसम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी।
xiv. सफल बोलीदाता द्वारा 75% शेष राशि का भुगतान बैंक द्वारा बोली की स्वीकृति की तिथि से 15 दिनों के भीतर की जायेगी निर्धारित अवधि में शेष 75% राशि के भुगतान में चूक करने पर जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी तथा चूक करने वाले क्रेता सम्पत्ति अथवा उस राशि जिसके लिये बाद में सम्पत्ति की बिक्री की जायेगी के किसी भाग के प्रति अपने दावे के अधिकार से वंचित हो जाएंगे।
xv. यदि बिक्री के लिये निर्धारित तिथि को अथवा उससे पूर्व किसी भी समय ऋणधारक या गारन्टर/रों के द्वारा/उनकी ओर से सभी लागतों, चार्जेज तथा उनके द्वारा वहन किये गये खर्चे अथवा बैंक को यथा–स्वीकार्य उसके भाग के साथ बैंक के बकाये का भुगतान कर दिया जाता है तो सम्पत्ति की बिक्री रद्द कर दी जायेगी।
xvi. पंजीकरण चार्जेज, स्टाम्प ड्यूटी, करों आदि सहित सभी सांविधिक बकायों/एटैन्डेन्ट चार्जेज/अन्य बकायों का वहन क्रेता को ही करना होगा।
xvii. बिक्री प्रमाण पत्र बिक्री का रशीद उसी नाम में जारी किया जायेगा जिसमें बोली जमा की गई हो।
xviii. जिन बोलीदाता के पास इन्टरनेट की सुविधा नहीं हो, लेकिन वे ई–नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हों, वे श्री राजवीर सिंह मुख्य प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी (मो. नं. 8800305533, सर्किल कार्यालय, बुलन्दशहर, यमुनापुरम से सम्पर्क कर सकते हैं।
xix. बैंक को ज्ञात अन्य कोई अधिकार–ज्ञात नहीं। ई–नीलामी की गई सम्पत्तियों के संदर्भ में किसी चार्ज, लिएन, अधिभार अथवा सरकार या किसी अन्य के किसी भी प्रकार के बकाये के लिये प्राधिकृत अधिकारी अथवा बैंक उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि सांविधिक देयताओं, सम्पत्ति कर के बकाये, बिजली के बकाये आदि सहित सम्पत्ति पर अधिभारों के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर लें।
xx. बोलीदाता उपयुक्त इन्टरनेट कनैक्टिविटी, पावर बैक–अप आदि सुनिश्चित कर लें। यह इन्टरनेट फैल्योर, पावर फैल्योर अथवा ई–नीलामी के प्रभावित करने वाले तकनीकी कारणों/आकस्मिक कारणों से किसी भी व्यवधान के लिये उत्तरदायी नहीं होगा।
xxi. यदि नीलामी की तिथि को अवकाश दिवस घोषित होता है तो नीलामी अगले कार्यदिवस को आयोजित की जायेगी।

"बैंक ने सरफाएशी अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत डीएम, बुलन्दशहर के पास भौतिक कब्जे के लिये आवेदन दाखिल कर दिया है।

तिथिः 18.10.2019
स्थानः बुलन्दशहर

अधिकृत प्राधिकारी,
पंजाब नेशनल बैंक, सिविल लाइन्स, बुलन्दशहर

मौसम				
तापमान	नोएडा	गाजियाबाद	गुरुग्राम	फरीदाबाद
अधिकतम	34.7 डि.से.	34.7 डि.से.	33.6 डि.से.	34.6 डि.से.
न्यूनतम	21.2 डि.से.	21.2 डि.से.	19.7 डि.से.	21.5 डि.से.

दिल्ली विस अध्यक्ष सहित पांच लोगों को छह महीने की सजा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

दिल्ली की निचली अदालत ने घर में जबरन घुसने के जुर्म में दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल को छह महीने की सजा सुनाई है। गोयल के साथ-साथ उनके बेटे सुमित गोयल समेत पांच लोगों को छह-छह महीने की सजा सुनाई है। सुमित को मारपीट करने का भी दोषी पाया है। उन सभी पर एक-एक हजार का जुर्माना भी लगाया है। पिता-पुत्र के अलावा जिन तीन लोगों को सजा हुई उनमें अध्यक्ष के सहयोगी हितेश खन्ना,अतुल गुप्ता और बलबीर सिंह के नाम शामिल हैं। हालांकि कानूनी प्रावधानों के तहत सभी दोषियों को हाथोंहाथ जमानत भी मिल गई ताकि वे उपरी अदालत में इस फैसले के खिलाफ अपील कर सकें। उन्हें एक-एक लाख रुपए के मुचलके पर अदालत ने जमानत दी।

अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट समर विशाल की अदालत ने गोयल और चार अन्य आरोपियों को यह कहते हुए दोषी करार दिया। जज ने कहा कि उनके खिलाफ यह मामला संदेह के परे है। लिहाजा इन्हें सजा मिलनी चाहिए। भाजपा नेता मनीष घई ने इसकी शिकायत दर्ज कराई थी। इससे पहले अदालत ने गोयल को भारतीय दंड संहिता की धारा 448 के तहत दोषी ठहराया। रामनिवास गोयल के बेटे सुमित गोयल को धारा 323 यानी मारपीट करने के मामले में दोषी ठहराया गया। मनीष घई ने जब रामनिवास गोयल के खिलाफ विवेक विहार थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी उस वक्त गोयल शाहदरा इलाके से विधायक थे। यह मामला

करीब पांच साल पहले घर में जबरन प्रवेश करने और मारपीट करने का मामला

छह फरवरी, 2015 का है। ये सभी लोग पीड़ित के घर मे घुस गए थे और उनमें से कुछ ने उनके साथ मारपीट भी की। हालांकि रामनिवास गोयल ने अदालत में दलील दी थी कि उन्हें जानकारी मिली थी कि भाजपा नेता ने अपने घर में कंबल और शराब छिपा रखी है, जो चुनाव से पहले वोट के लिए बांटी जानी थी। उन्होंने इस बात की जानकारी पुलिस को दी थी और पुलिस के साथ पीड़ित के घर मे दाखिल हुए थे। लेकिन अदालत ने गोयल और अन्य की दलीलों की जगह शिकायती पक्ष की दलीलों से सहमति जताई और उन्हें दोषी करार देते हुए सजा और जुर्माना किया। शिकायतकर्ता के अनुसार उनके घर में काम चल रहा था और कुछ मजदूर वहां रह रहे थे। छह फरवरी, 2015 की रात करीब साढ़े नौ बजे गोयल व उनके साथियों ने घर में जबरन प्रवेश किया। मजदूरों ने उन्हें फोन पर इसकी जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को भी सूचित किया गया। आरोपपत्र के मुताबिक आरोपियों ने वहां संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। मजदूरों ने जब विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई।

भाजपा ने घेरा

'दागदारों को मुख्यमंत्री का संरक्षण'

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने कहा कि दागदार नेताओं को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का संरक्षण प्राप्त है। अदालत के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी के नेताओं का सही चेहरा सामने आ गया है। यह मामला चार साल पुराना है और आज अदालत ने इस पर फैसला सुनाया है। उन्होंने बताया कि रामनिवास गोयल ने अपने बेटे सुमित गोयल के साथ भाजपा कार्यकर्ता मनीष घई के घर में घुसकर उन पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में अदालत के फैसले का भाजपा ने स्वागत किया है।

इस्तीफा दें गोयल : गुप्ता

विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल का इस पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। इसी प्रकार नैतिकता के आधार पर उन्होंने मुख्यमंत्री का भी इस्तीफा मांगा है। उन्होंने कहा कि आपराधिक मामलों में विधायक का लिप्त होना यह मुख्यमंत्री की नरमी का प्रतीक है। उन्हें अपने पद की गरिमा के लिए पद से इस्तीफा देना चाहिए।

पूर्व क्रिकेटर प्रभाकर और उनकी पत्नी पर मकान कब्जाने का आरोप

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर, उनकी पत्नी और बेटे समेत दो अन्य सहयोगी पर एक बुजुर्ग महिला ने उनके फ्लैट पर गलत तरीके से कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मालवीय नगर थाने में शिकायत दी है। शिकायत करने वाली बुजुर्ग महिला विदेश में रहती हैं। उनका आरोप है कि भारत में नहीं होने का फायदा उठाते हुए उनके फ्लैट पर कब्जा किया गया है। उनकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक आरोप लगाने वाली संध्या शर्मा इन दिनों लंदन में रहती हैं। उन्होंने बुधवार को मालवीय नगर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए पूर्व क्रिकेटर मनोज प्रभाकर समेत पांच लोगों के खिलाफ उनके फ्लैट पर अवैध कब्जा करने और धमकी देने का आरोप लगाया है। बुजुर्ग महिला का आरोप है कि उनका सर्वप्रिया विहार इलाके में एक फ्लैट है। उसी अपार्टमेंट में मनोज प्रभाकर भी पहली मंजिल पर रहते हैं। महिला का दावा है कि उनकी गैरमौजूदगी में उनके फ्लैट के फर्जी कागजात बनवाकर उन्होंने फ्लैट पर कब्जा कर लिया। उनके फ्लैट का ताला भी तोड़ दिया और उसमें अपने एक जानकार को रहने के लिए जगह भी दे दी। महिला ने विरोध किया तो उन्हें धमकी दी गई और फ्लैट के बदले डेढ़ करोड़ की मांग की गई।

टूटी और खराब सड़कों के लिए एजंसियों पर लगेगा जुर्माना

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

प्रदूषण को लेकर दिल्ली सरकार अब सख्ती बढ़ाएगी। धूल कण व प्रदूषण की एक बड़ी वजह टूटी हुई सड़कें भी हैं। इन सड़क मार्गों की जांच के लिए दिल्ली सरकार ने आदेश दिए हैं। दिल्ली सरकार के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि दिल्ली के सभी एसडीएम को आदेश दिए हैं कि वे ऐसे मार्गों की जांच करें और खराब पड़े मार्गों के लिए संबंधित एंजसियों पर जुर्माना लगाए।

हाल ही में दिल्ली सरकार ने मार्गों का सर्वे किया था। इस सर्वे के बाद शुक्रवार तक सभी मार्गों को ठीक करने के आदेश दिए थे। इस प्रक्रिया के बाद ही एसडीएम को ये आदेश जारी किए गए हैं। सभी एसडीएम अपने क्षेत्रों के धूल भरे मार्गों की पहचान करेंगे और इस मामले में उन एंजसियों पर जुर्माना लगाएंगे। दिल्ली में 1260 किलोमीटर लंबे प्रमुख मार्ग दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के पास हैं। प्रदूषण की स्थिति का अध्ययन करने के लिए शुक्रवार को मंत्री कैलाश गहलोत ने द्वारका के केंद्र का भी मुआयना किया। प्रदूषण के आकलन के लिए सरकार ने यह केंद्र तैयार किया है।

वहीं प्रदूषण के मामले में आम आदमी पार्टी ने प्रदूषण जांच एंजसियों को घेरा है। शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि देश की जांच एंजसियां हरियाणा व पंजाब को बचाने में लगी हैं। इसलिए बार-बार ऐसे आकलन पेश किए जा रहे हैं जिसमें यह बताने की कोशिश हो रही है कि पराली की वजह से प्रदूषण नहीं है। उनका इशारा शुक्रवार को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी की गई रिपोर्ट की तरफ था। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से प्रदूषण की मात्रा बढ़ी है। इसके बाद से ही एंजसियों में होड़ लगी हुई है कि दिल्ली के लोग प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं।

एनजीटी ने दिया द्वारका में ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाई का आदेश

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को द्वारका के एक आवासीय क्षेत्र के आस पास ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। एनजीटी ने ये आदेश द्वारका के सेक्टर-3 में ध्वनि प्रदूषण का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई के बाद दिया। एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीसी) से दो महीने के अंदर विस्तृत रिपोर्ट जमा करने को कहा है। पीठ ने कहा कि डीपीसीसी मामले को देखे और कानून के अनुरूप उचित कार्रवाई करके मामले में दो महीने के भीतर तथ्यात्मक और कार्रवाई रिपोर्ट (एटीआर) दे।

नागरिक स्वच्छ हवा में सांस लेने के हकदार हैं : एनजीटी

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने सार्वजनिक क्षेत्र की एक बिजली वितरण कंपनी की याचिका खारिज करते हुए कहा है कि नागरिक स्वच्छ हवा में सांस लेने के हकदार हैं। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की एक याचिका गुरुवार को खारिज करते हुए कहा कि नागरिक स्वच्छ हवा में सांस लेने के हकदार हैं। याचिका के जरिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए डीजल जेनरेटरों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले पर्यावरण प्रदूषण (निवारण एवं नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) के आदेश से राहत मांगी गई थी।

विधानसभा अध्यक्ष के सचिव से पश्चिम विहार में झपटमारी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

पश्चिम विहार थाना क्षेत्र में बदमाशों ने दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष के सचिव का मोबाइल झपट लिया। घटना के समय पीड़ित अधिकारी अपनी पत्नी के साथ घर के पास स्थित बाजार में जा रहे थे। पुलिस को शाम करीब 7 बजकर 15 मिनट पर सूचना मिली थी। फिलहाल पुलिस ने सचिव अजय रावल के बयान पर मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर तलाश में जुटी है। बीते दिनों स्कूटी सवार बदमाशों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भतीजी का बैग झपट लिया था, जिसमें नकदी, मोबाइल फोन समेत अन्य महत्त्वपूर्ण दस्तावेज थे।

अजय रावल अपने परिवार के साथ पश्चिम विहार में रहते हैं। गुरुवार को अपनी पत्नी के साथ बाजार में खरीदारी करने के लिए जा रहे थे, तभी अंबिका विहार में केंद्रीय विद्यालय के पास मोटरसाइकिल सवार बदमाश आए और उनका मोबाइल झपट लिया।

कनॉट प्लेस में वायुसेना के अधिकारी का बैग झपटा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

राजधानी के कनॉट प्लेस (सीपी) में एक वायुसेना के अधिकारी से बैग झपटमारी का मामला सामने आया है। पीड़ित अधिकारी जार्ज थॉमस (50) ने बैग को साइकिल के हैंडल पर टांगा हुआ था। वारदात के समय वह साइकिल चला रहे थे। बताया जा रहा है कि गुरुवार सुबह करीब छह बजे वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़ित जॉर्ज थॉमस सेना भवन में ठहरे हुए हैं। उन्होंने पुलिस को अपने घर की बजाए दफ्तर का ही पता बताया है। वह गुरुवार सुबह साइकिल चलाते हुए कनॉट प्लेस के आउटर सर्कल से बाबा खड़क सिंह मार्ग से होते हुए बंगला साहिब गुरुद्वारे की तरफ जा रहे थे। उन्होंने साइकिल के आगे हैंडल पर एक छोटे सा बैग लटकाया हुआ था, जिसमें उनका मोबाइल फोन और पर्स था।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "सेन्ट्रल" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

कब्जा सूचना
(अचल सम्पत्तियों के लिए)
[(विशिष्ट-IV)देखें नियम 8(1)]

शाखा कार्यालयः एमएमएच कॉलेज, गाजियाबाद, उ0प्र0

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्ती परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ने प्रत्येक खाता के समक्ष नीचे वर्णित तिथि को माँग सूचना जारी कर नीचे वर्णित ऋणधारकों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर सूचना में वर्णित राशि वापस लौटाने का निर्देश दिया था। ऋणधारक इस राशि को वापस लौटाने में विफल रहे, अतः एतद्द्वारा ऋणधारक तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि तालिका में नीचे वर्णित तिथि को अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अधोहस्ताक्षरी ने यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से ऋणधारकों तथा आम जनता को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि वे यहाँ नीचे वर्णित सम्पत्ति का व्यसवसाय न करें तथा इन सम्पत्तियों का किसी भी तरह का व्यवसाय उस राशि तथा उस पर ब्याज के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के चार्ज के अधीन होगा। कब्जा में ली गई सम्पत्ति का विवरण इस प्रकार हैः-

अचल सम्पत्ती का विवरण

क्र. सं.	ऋणधारकों/गारंटरों के नाम	गिरवी रखी गई/चार्ज्ड सम्पत्ति का विवरण	माँग सूचना की तिथि	कब्जा की तिथि	13(2) सूचना के अनुसार बकाया राशि
1.	कर्जदार : श्री लाजवन्त सिंह पुत्र करतार सिंह एवं श्रीमती अल्पना सिंह पत्नी लाजवन्त सिंह	प्राथमिक सुरक्षाः श्री लाजवन्त सिंह पुत्र करतार सिंह के नाम में ईएम आवासीय सम्पत्ति दूसरा तल एरिया 50 वर्ग मीटर, गाँव दरगल के खसरा नं.1025 में सम्बन्धित प्लॉट नं.35ए पर निर्मित, अब गुलधर-2, न्यू फ्रेन्ड्स कालोनी गाजियाबाद के नाम से जाना जाता है। सम्पत्ति जो घिरा हैः पूर्वः रास्ता 24 फीट पश्चिमः प्लॉट नं.58 उत्तरः प्लॉट नं.35 दक्षिणः प्लॉट नं.36	03.06.2019	14.10.2019	रू. 14,17,425/- और उस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार/व्यय।
2.	कर्जदार : श्री कृष्ण कुमार पुत्र धर्म दत्त एवं श्रीमती ऊषा शर्मा पत्नी कृष्ण कुमार	प्राथमिक सुरक्षाः ईएम निर्मित वृंदावन गार्डन में स्थित आवासीय सम्पत्ति (एरिया 75 वर्ग यार्ड, खसरा नं.35) हदबस्त गाँव शाहबेरी, परगना एवं तहसील दादरी, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0 जो श्रीमती ऊषा शर्मा पत्नी कृष्ण कुमार के नाम में सम्पत्ति जो घिरा हैः पूर्वः 22 फीट चौड़ी रोड पश्चिमः अन्य सम्पत्ति उत्तरः रमेश्वरी का प्लॉट दक्षिणः अन्य सम्पत्ति	03.06.2019	14.10.2019	रू. 20,56,117/- और उस पर ब्याज एवं अन्य प्रभार/व्यय।

कर्जदारों का ध्यान प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम के अनुच्छेद (13) के उप-अनुच्छेद (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

स्थानः गाजियाबाद / गौतमबुद्ध नगर
दिनांकः 14.10.2019

प्राधिकृत अधिकारी,
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया

राहुल को है प्रधानमंत्री से 'एलर्जी' : राजनाथ

फरीदाबाद, 18 अक्तूबर (जनसत्ता)।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 'एलर्जी' है। देश की सैन्य ताकत को बढ़ाने के लिए राफेल खरीदने की चर्चा 10-12 सालों से चल रही थी, लेकिन कोई निर्णय नहीं लिया, प्रधानमंत्री ने चुटकी बजाकर फैसला कर दिया। अब वह प्रधानमंत्री के बारे में अपशब्दों का प्रयोग करते है। सिंह शुक्रवार को पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव छांयसा में भाजपा उम्मीदवार सोहनपाल छोकर के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली में लोगों को संबोधित कर रहे थे।

रक्षामंत्री ने कहा कि जो राहुल गांधी खुद भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर बाहर हैं, वह प्रधानमंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष हो या विपक्ष किसी नेता के लिए अपशब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। प्रधांनमंत्री, राष्ट्रपति, राज्यपाल व मुख्य न्यायाधीश की गरिमा व प्रतिष्ठा किसी भी सूरत में नहीं गिरनी चाहिए। उन्होंने राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि अगर उन्हें राजनीति नहीं करनी आती तो वह रामायण ही पढ़ लें, कैसे भगवान राम ने मर्यादा पुरुषोत्तम की परंपरा को निभाया।

रक्षामंत्री ने कहा कि राफेल खरीद में राहुल गांधी चोरी का आरोप लगाते हैं, यह एक गाली है, जो गलत है। उन्होंने कहा

नागर को पायलट समझकर वोट दें : सचिन

फरीदाबाद। राजस्थान के उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ का पिटारा लेकर घूमने वाले भाजपाइयों के दिन अब लद चुके हैं। क्योंकि इनके झूठ की कलई अब जनता के सामने खुल चुकी है। भाजपा के 75 पार का नारा भी लोगों ने नकार दिया है। इसलिए अब वक्त आ गया है इन जुमलेबाजों को प्रदेश से चलता करने के लिए कांग्रेस के हाथ मजबूत करें। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि तिगांव से कांग्रेस के प्रत्याशी ललित नागर को सचिन पायलट समझकर विधानसभा में भेजने का काम करें। उन्हें हरियाणा में बनने वाली कांग्रेस सरकार में बड़े पद का मंत्री बनाने की जिम्मेदारी मेरी होगी। सचिन पायलट शुक्रवार को तिगांव अनाज मंडी में कांग्रेस प्रत्याशी ललित नागर की जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से भावनात्मक रूप से जुड़ते हुए कहा कि पांच साल पूर्व 2014 के विधानसभा चुनावों में मैं भी इसी तिगांव की अनाज मंडी में आप लोगों के बीच आया था और आपने मुझे मान देते हुए ललित नागर के रूप में विजयी ताज पहनाया था। इसलिए आज फिर मैं आपके बीच में आया हूं क्योंकि न्याय और अन्याय की इस लड़ाई में अन्याय रूपी भाजपा को सबक सिखाना जरूरी है। **(जनसत्ता)**

'ज्यादातर स्कूली बच्चे नहीं हैं खुश'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

दिल्ली के ज्यादातर स्कूली बच्चे खुश नहीं हैं, जो खुश हैं, वे भी असली खुशी का मतलब नहीं जानते। यह तथ्य स्वास्थ्य मेले में हुए सर्वेक्षण में सामने आए। यह बच्चों में बढ़ रहे अवसाद की अहम वजह बताई गई है।

अवसाद तमाम बीमारियों के मूल में है। हार्ट केयर फांउडेशन व सरकार के तमाम विभागों के सहयोग से होने वाले 26वें परफेक्ट हेल्थ मेले का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस साल मेले की थीम फिट दिल्ली, फिट इंडिया है। मेले में लोगों के मधुमेह की जांच की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ केके अग्रवाल ने कहा कि देश को स्वस्थ और बीमारी मुक्त बनाने के मकसद से हर साल मेला लगाते हैं। मेला 20 अक्तूबर तक चलेगा। मेले में प्रवेश मुफ्त है। इस अवसर पर बीसीसीआई के कार्यकारी अध्यक्ष सीके खन्ना, अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ बिजोन मिश्रा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की मीडिया और कम्यूनिकेशन कन्सल्टेंट रिचा भारती, संगठन की निदेशक डॉ वीना अग्रवाल व विज्ञान व तकनीकी विभाग की निशा मेंदीरत्ता ने भी विचार रखे। डॉ अग्रवाल ने कहा कि मेले में हुए सर्वेक्षण में पता चला कि ज्यादातर स्कूली बच्चे खुश नहीं हैं। जो स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है। वे बताते है कि मेले में बड़े पैमाने पर स्कूली बच्चों को शामिल किया जाता है।

आज के कार्यक्रम

सभा-संगोष्ठी

भारतीय नीति प्रतिष्ठान : पाक पर चर्चा, कमेटी रूम-3, जेएनयू, शाम साढ़े तीन बजे।
इंडिया हैबीटाट सेंटर : 'हैबिटाट-चर्चा', लाईब्रेरी लॉज, सेंटर परिसर, लोधी रोड, शाम छह बजे।

लेडी श्रीराम कॉलेज के पास पुलिस से मुठभेड़

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने लेडी श्रीराम कॉलेज के पास से शुक्रवार सुबह मुठभेड़ के बाद एक लाख रुपए के इनामी बदमाश इकबाल को गिरफ्तार किया। मुठभेड़ के दौरान बदमाश को पैर में गोली लगी। इसी बीच तीन पुलिसकर्मियों की बुलेटप्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी। इकबाल के खिलाफ विभिन्न थानों में डकैती, लूटपाट, चोरी, पुलिस पर हमला करने समेत कई मामले दर्ज हैं। **(ज.सं.)**

सूटकेस में बंद मिला महिला का शव

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

बवाना थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई, जब लोगों एक लावारिस बैग को देखा। बैग से बदबू आ रही थी। आनन-फानन में इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जब बैग खोल कर देखा तो अंदर एक महिला का शव सड़ी-गली अवस्था में था। पुलिस ने बताया कि महिला के पास से कोई ऐसा दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो सके। शुरुआती छानबीन के आधार पर पुलिस मानकर चल रही है कि महिला का शव तीन-चार दिन पुराना हो चुका है।

फिलहाल पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यहां पर बैग कौन फेंक कर गया होगा। साथ ही आसपास के लोगों से पूछताछ कर महिला के बारे में जानकारी जुटा रही है।

दिल्ली का रण

केजरीवाल चुनाव जीतने की रणनीति पर कर रहे काम

मनोज मिश्र
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

विधानसभा चुनाव जीतने की रणनीति पर काम कर रहे आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दोहरी रणनीति पर काम कर रहे हैं। एक तरफ लोकसभा चुनाव में दिल्ली में तीसरे नंबर पर जाने के बाद उन्होंने अभियान की कमान अपने हाथ में ले ली है और करीब तीन महीने से हर रोज कोई न कोई घोषणा कर रहे हैं।

दूसरी ओर लोगों का मिजाज भांप कर हर मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर आरोप लगाना भी बंद कर दिया है। इसी का असर रहा कि उन्होंने अपने पहले के बयान को पलटते हुए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने का समर्थन किया। हर बात पर नौकरशाही और उपराज्यपाल से भिड़ते रहने वाले केजरीवाल मई के लोकसभा चुनाव के बाद एक भी बयान नौकरशाही के खिलाफ नहीं दिया।

उनकी बड़ी मुफ्त घोषणाओं में महिलाओं के लिए दिल्ली मेट्रो और दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) में मुफ्त यात्रा की सुविधा देना है। डीटीसी की बसों में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा तो शुरू भी होने वाली है लेकिन मेट्रो पर विवाद हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर एतराज करते हुए कहा कि वह जनता के पैसे का दुरुपयोग होने पर दर्शक बना नहीं रह सकता है। बावजूद इसके केजरीवाल ने घोषणा से पीछे हटने के कोई संकेत नहीं दिए हैं। पिछली घोषणाओं से आगे जाकर केजरीवाल ने बिजली-पानी में पहले से ज्यादा मुफ्त करने, अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने के साथ-साथ उनमें रजिस्ट्री शुरू करवाने, पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड आदि के मूल निवासियों) के प्रवासियों को अपने पक्ष में स्थायी करने के लिए दिल्ली के स्कूलों में मैथिली की पढ़ाई शुरू करवाने और भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूचि में शामिल करवाने के प्रयास आदि अनेक घोषणाओं की शृंखला खड़ी कर दी है। अभी हाल ही में दिल्ली सरकार ने उत्तराखंड में बोली जाने वाली भाषाओं-गढ़वाली और कुमाऊंनी अकादमी बनाने की घोषणा कर दी है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए अनेक घोषणाओं के साथ साथ उन्हें मुफ्त तीर्थ यात्रा का अभियान सरकार काफी दिनों से चला रही है। युवाओं के लिए पहले से ही उच्च शिक्षा के लिए आसान शर्तों पर कर्ज के अलावा 10वीं और 12वीं के छात्रों की फीस सरकार से भरवाने की घोषणा हो चुकी है।

इसके अलावा चार नवंबर से 15 नवंबर तक प्रदूषण रोकने के नाम पर कारों के लिए सम-विषम योजना लागू करेगी। उसमें पर्यावरण अनुकूल सीएनजी से चलने वाली कारों को तो छूट नहीं है। महिला के चलाने वाली कारों को 12 साल के बच्चे के साथ छूट दी गई है। कारों से कई गुणा ज्यादा संख्या वाली दो पहिया वाहनों को छूट इसलिए दी गई है कि जो वर्ग दो पहिया चलाता है, उसी को आप अपना बनाना चाहती है। सड़कों पर सार्वजनिक वाहन न होने से सम-विषम में कार चालकों को परेशानी होगी लेकिन माना जा रहा है कि इससे 'आप' का मतदाता कम प्रभावित होगा। केजरीवाल ने चुनाव जीतने के लिए अपना लक्ष्य तय रखा है, उन्हें पता है कि सार्वजनिक कामों का असर कम होता है इसलिए उनकी सरकार ने सीधे लोगों को लाभ देना शुरू किया है। जो वे घोषणा करते हैं उसके बड़े-बड़े विज्ञापन प्रभावशाली मीडिया में दिए जाते हैं। तभी तो एक हजार बसों की घोषणा के बाद महज 25 क्लस्टर बसें सड़कों पर आईं और कहीं उसकी चर्चा नहीं हुई। दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों और डीटीसी आदि में ठेके पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित करने से लेकर पांच साल के लिए की गई घोषणाओं पर कोई बहस नहीं चलाई गई।

बुद्धा सर्किट के यात्रियों के खानपान का रखा जाएगा विशेष ध्यान

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

रेलवे भारत और नेपाल में भगवान बुद्ध के धार्मिक स्थलों पर जाने वाले यात्रियों की छोटी-छोटी खानपान की जरूरतों का ध्यान रखेगा। इसके लिए ट्रेन में विशेषतौर पर विशेष पेंट्रीकार और दो डायनिंग टेबल का इंतजाम किया गया है। आइआरसीटी के मुताबिक यात्रा के लिए 50 फीसद सीट भर चुकी है। इन यात्रियों के साथ ट्रेन आज रवाना होगी। शुक्रवार को रेलवे ने खास सुविधाओं के साथ तैयार की गई इस ट्रेन का मीडिया ट्रायल किया।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक सफर में खानपान लोगों की पहली पसंद होती है। इसका विशेष ध्यान ट्रेन में रखा जाएगा। धार्मिक यात्रा पर जाने वाले यात्री प्याज-लहसुन जैसी सब्जियों से भी परहेज करते हैं। यात्री अगर रेलवे अधिकारियों से खानपान में इन चीजों का प्रयोग नहीं करने का आग्रह करेंगे तो उनके लिए स्वादानुसार ही भोजन परोसा जाएगा। आज देर शाम यह ट्रेन रवाना होगी और 26 अक्तूबर तक भ्रमण चलेगा। यह टूर पैकेज इंडियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड (आइआरसीटीसी) ने तैयार किया है। इस सफर के लिए एक दंपती को प्रथम श्रेणी के लिए 1,23,900 रुपए का भुगतान करना होगा, जबकि एसी 2 में प्रति दंपती भुगतान 1,01,430 रुपए होगा।

पैकेज में यात्रियों को भगवान बुद्ध के जन्मस्थली से लेकर उनके जीवनकाल से जुड़े हर स्थल तक ले जाया जाएगा।

चिन्मयानंद प्रकरण : पीड़िता को बरेली में एलएलएम में दाखिला मिला

शाहजहांपुर, 18 अक्तूबर (भाषा)।

पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री चिन्मयानंद से रंगदारी मांगने के आरोप में जेल में बंद पीड़िता को अदालत के आदेश पर शुक्रवार को सुबह बरेली कॉलेज में एलएलएम में दाखिले के लिए ले जाया गया। इस युवती ने ही चिन्मयानंद पर यौन शोषण के आरोप लगाए हैं। बाद में मिली जानकारी के अनुसार, बरेली के विश्वविद्यालय परिसर में एलएलएम में पीड़िता के दाखिले की प्रक्रिया पूरी हो गई।

महात्मा ज्योति फुले विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमित सिंह ने फोन पर बताया कि शाहजहांपुर से पुलिस सुरक्षा में लाई गई पीड़िता के परीक्षा फार्म, लाइब्रेरी फार्म सहित दाखिले की प्रक्रिया सुबह करीब नौ बजे पूरी की गई और दाखिला शुल्क भी जमा कर लिया गया है।

पीड़िता स्वामी सुखदेवानंद विधि महाविद्यालय में एलएलएम की छात्रा है। उसने एक वीडियो के जरिए स्वामी चिन्मयानंद पर गंभीर आरोप लगाए थे। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर संज्ञान लेते हुए महात्मा ज्योतिबा फूले विश्वविद्यालय में एलएलएम में पीड़िता के दाखिले का आदेश दिया था। परंतु दाखिले से पहले ही विशेष जांच दल (एसआईटी) ने पीड़िता को जेल भेज दिया था।

पीड़िता के पिता ने बताया कि उन्होंने गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट

महात्मा ज्योति फुले विश्वविद्यालय के विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अमित सिंह ने फोन पर बताया कि शाहजहांपुर से पुलिस सुरक्षा में लाई गई पीड़िता के परीक्षा फार्म, लाइब्रेरी फार्म सहित दाखिले की प्रक्रिया सुबह करीब नौ बजे पूरी की गई और दाखिला शुल्क भी जमा कर लिया गया है।

(सीजेएम) ओमवीर सिंह की अदालत में एक प्रार्थना पत्र दिया था जिस पर अदालत ने 18 अक्तूबर को पीड़िता का बरेली कॉलेज में एलएलएम में दाखिला कराने का आदेश दिया था।

पुलिस अधीक्षक डॉ एस चिनप्पा ने शुकवार को बताया कि सीजेएम के आदेश पर जेल प्रशासन ने पीड़िता को बरेली ले जाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की मांग की थी। इसके बाद पुलिस का एक दल पीड़िता को अपनी सुरक्षा में लेकर बरेली कालेज गया।

जेलर राजेश कुमार राय ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे पीड़िता को दाखिले के लिए बरेली कॉलेज भेजा गया। स्वामी सुखदेवानंद विधि महाविद्यालय में पढ़ने वाली एक छात्रा ने 24 अगस्त को एक वीडियो वायरल कर पूर्व केंद्रीय मंत्री चिन्मयानंद पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। इसके बाद चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओमवीर सिंह ने यहां शहर कोतवाली में पीड़िता के खिलाफ रंगदारी मांगने का एक मुकदमा दर्ज कराया था।

वहीं दूसरी ओर पीड़िता के आरोपों और चिन्मयानंद का मालिश कराते हुए वीडियो वायरल होने के बाद विशेष जांच दल ने चिन्मयानंद को आरोपी बनाते हुए धारा 376 सी के तहत उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया। मामले में चिन्मयानंद समेत पांच आरोपी जेल में बंद है। मामले की जांच एसआइटी कर रही है। एसआइटी को अपनी जांच रिपोर्ट 22 अक्तूबर को इलाहाबाद हाई कोर्ट की एक विशेष पीठ को सौंपनी है।

अमिताभ बच्चन को जल्द मिल सकती है अस्पताल से छुट्टी

मुंबई, 18 अक्तूबर (भाषा)।

अमिताभ बच्चन को नियमित जांच के लिए भर्ती कराए गए मुंबई के नानावती अस्पताल से एक या दो दिन में छुट्टी मिल जाएगी। अस्पताल के सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बच्चन के लीवर की समस्या से पीड़ित होने की खबरें चल रही हैं लेकिन सूत्रों ने दावा किया कि इसमें कोई सच्चाई नहीं है। बच्चन 11 अक्तूबर को 77 वर्ष के हुए हैं।

अस्पताल के एक सूत्र ने बताया, 'बच्चन नियमित जांच के लिए मंगलवार को अस्पताल आए थे। लीवर समस्या और इस संबंध में चल रही अन्य खबरें सच नहीं हैं। वह तंदुरुस्त और जोश में हैं। उन्हें एक या दो दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी। परिवार ने निजता बरतने का अनुरोध किया है।

फेडरल बैंक
आपका सम्पूर्ण बैंकिंग भागीदार

एलसीआरडी/नई दिल्ली डिविजन
फेडरल टॉवर, ऊपरी भूमि तल,
2/2, वेस्ट पटेल नगर, नई दिल्ली-110008
फोन नं. 011-40733980, 40733978

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) (यहां के बाद अधिनियम के रूप में सदर्भित) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत सूचना।

(1) श्री ब्रिज मोहन बिन्दल पुत्र श्री जसवंत बिन्दल (2) श्रीमती अंजलि बिन्दल पत्नी श्री ब्रिज मोहन बिन्दल (3) श्री कुनाल बिन्दल पुत्र श्री ब्रिज मोहन बिन्दल सभी निवासी मकान नं. 151, ब्लॉक-सी, मधुबन, विकास मार्ग, गांव मंडावली, फाजलपुर, नई दिल्ली-110092 **इसके साथ: मैसर्स मैटेक्स इंडिया प्रा. लि.**, 207-208, चोपड़ा कॉम्प्लेक्स, दूसरा तल, 8, कम्युनिटी सेंटर, प्रीत विहार, विकास मार्ग, दिल्ली-110092

आप प्रथम ने प्रधान कर्जदार और द्वितीय एवं तृतीय ने सह-कर्जदार/गारंटर के रूप में बैंक के पक्ष में आवश्यक सुरक्षा समझौतों/ऋण दस्तावेजों के निष्पादन के बाद हमारे बैंक की निर्माण विहार शाखा से क्रेडिट सुविधा के तौर पर ऋण लिया।
बैंक से उपरोक्त क्रेडिट सुविधा का लाभ उठाने के एवज में सुरक्षा के तौर पर **श्री ब्रिज मोहन बिन्दल** ने 31.03.2015 को सुरक्षा जमा के तौर पर निम्नलिखित अचल सम्पत्तियों को बैंक के पास बंधक रखकर बैंक के पक्ष में सुरक्षा ब्याज का सृजन किया।

बंधक अचल सम्पत्ति का विवरण
दिल्ली ऑफिसर्स को-ऑप. हाउस बिल्डिंग सोसाइटी लि., कॉलोनी को मधुबन के रूप में जाना जाता है, गांव मंडावली का एरिया, फाजलपुर इलाका शाहदरा, दिल्ली-110092 के लेआउट प्लान में प्लॉट नं. 151, परिमाप 330 वर्ग यार्ड के सभी भाग एवं हिस्सों के साथ उस पर वर्तमान और/या निर्मित किये गये सभी भवन जो घिरा है: पूर्व में: प्लॉट नं. 150, पश्चिम में: प्लॉट नं. 152, उत्तर में: रोड 45 फीट चौड़ी एवं दक्षिण में: 50 फीट चौड़ा डिस्ट्रिक्ट पार्क।

उपरोक्त वर्णित रेहनकर्ता/बंधककर्ता सम्पत्तियों को यहां के बाद "प्रतिभूत परिसम्पत्तियां" कहा गया है। अधोहस्ताक्षरी, फेडरल बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर एतद्द्वारा सूचित करते है कि हमारे बैंक की निर्माण विहार शाखा में 30.09.2019 को आपके प्रॉपर्टी पावर लोन 14515600000948 में रु. 1,29,68,229/- (एक करोड़ उन्नीस लाख अड़सठ हजार दो सौ उन्नीस रुपए) और प्रॉपर्टी पावर लोन 14515600001128 में रु.27,45,347/- (सताइस लाख पैंतालीस हजार तीन सौ सैंतालीस रुपए) अर्थात कुल रु.1,57,13,576/- की राशि आपके पास संयुक्त या अलग-अलग रूप से बकाया है। पुनर्भुगतान में चूक को देखते हुए आपके ऋण खाते को आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार नॉन परफार्मिंग एसेट्स के रूप में वर्गीकृत है। एतद्द्वारा आपको इस सूचना की तिथि से 60 दिनों के भीतर प्रॉपर्टी पावर लोन 14515600000948 कथित राशि और 01.10.2019 से उस पर मासिक रूप से शेष के साथ 12.05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज प्लस भुगतान एवं लागत की तिथि तक 2 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से पैनल ब्याज और प्रॉपर्टी पावर लोन 14515600001128कथित राशि और उस पर मासिक रूप से शेष के साथ 12.05 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज प्लस भुगतान एवं लागत की तिथि तक 2 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से पैनल ब्याज का भुगतान करने के लिए सूचना दी जाती है और ऐसा नहीं करने पर बैंक अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आपको आगे कोई और सूचना दिये अपने बकाये की वसूली के लिए प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को लीज पर देने या अनुबंध पर देने या बिक्री या इनका प्रबंधन अपने हाथ में लेने सहित उपरोक्त वर्णित प्रतिभूति परिसम्पत्तियों को अपने कब्जे में ले लेगा। आगे आपको सूचित किया जाता है कि आप बिना बैंक की लिखित अनुमति के उपरोक्त वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को लीज पर देने या बिक्री या कोई अन्य लेनदेन नहीं करेंगे और कोई भी गैरकानूनी कार्य करने पर बैंक की तरफ से उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी और इस संबंध में बैंक की सभी लागत, प्रभार एवं व्यय का भुगतान भी आपको करना होगा। यदि प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की बिक्री पर भी पूरी बिक्री राशि प्राप्त नहीं होती है तो बैंक बिना कोई सूचना दिए शेष राशि की वसूली के लिए आपके विरुद्ध व्यक्तिगत तौर पर कार्यवाही करेगा। प्रतिभूत परिसम्पत्तियों (प्रतिभूत सम्पत्तियों) के विमोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है। यह सूचना बिना किसी पूर्वाग्रह के बैंक के बकायों की वसूली के लिए उपलब्ध अन्य अधिकार एवं उपाय के अंतर्गत जारी की जाती है।
यह सूचना 3 अक्टूबर, 2019 को जारी की गई थी और इसे आपके द्वारा प्राप्त नहीं किया गया इसलिए एसएआरएफएईएसआई अधिनियम के अनुसार इसे अनिवार्यतः प्रकाशित किया जाता है।

आज दिनांक 18 अक्टूबर, 2019

कृते फेडरल बैंक लिमिटेड, सहायक उपाध्यक्ष
(सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी)

चार वायुसेना कर्मियों की हत्या मामले में जेकेएलएफ का पूर्व आतंकी गिरफ्तार

जम्मू, 18 अक्तूबर (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के पूर्व आतंकवादी जावेद अहमद मीर उर्फ जावेद नलका को 1990 में एक स्क्वॉड्रन लीडर सहित वायुसेना के चार कर्मियों की हत्या करने के मामले में सीबीआइ ने गिरफ्तार किया। हालांकि, बाद में अदालत ने उसे जमानत दे दी। यह जानकारी शुक्रवार को अधिकारियों ने दी।

अधिकारी ने बताया कि बुधवार को मीर की गिरफ्तारी की गई और उसी दिन उसे सीबीआइ की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जमानत मिल गई। मीर 1980 के दशक में आतंकवाद से जुड़ने से पहले कश्मीर में जलकल विभाग में कार्य करता था और वहीं से उसके नाम के साथ 'नलका' जुड़ा। अधिकारी के मुताबिक 25 जनवरी, 1990 को श्रीनगर के रावलपोरा में हुए आतंकी हमले में स्क्वॉड्रन लीडर रवि खन्ना सहित वायुसेना के चार कर्मी शहीद हो गए थे और एक महिला सहित करीब 40 लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। मीर का नाम जेकेएलएफ प्रमुख यासीन मलिक सहित अन्य के साथ आरोपी के रूप में दर्ज है।

मलिक अभी न्यायिक हिरासत में हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआइ) ने मलिक, मीर और चार अन्य के खिलाफ मामले में जम्मू की आतंकवाद निरोधी अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। मलिक के खिलाफ मुकदमा चलाने पर 1995 में जम्मू-कश्मीर हाई कोर्ट की एकल पीठ ने रोक लगा दी थी। 2008 में मलिक ने सुरक्षा का हवाला देते हुए मुकदमे को श्रीनगर स्थानांतरित करने के लिए आवेदन दिया।

अनूप कुमार सिंह एनएसजी के नए प्रमुख

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (भाषा)।

गुजरात कैडर के वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी अनूप कुमार सिंह को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है।

शुक्रवार को आए एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, 1985 बैच के आइपीएस अधिकारी सिंह की 'ब्लैक कैट्स कमांडो' बल के डीजी के तौर पर नियुक्ति को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने मंजूरी दी है।

यह पद तेलंगाना कैडर के 1984 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) अधिकारी सुदीप लखटकिया की सेवानिवृत्ति के बाद पिछले दो महीने से खाली पड़ा था। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, 'यह नियुक्ति पद संभालने की तारीख से 30 सितंबर 2020 तक या अगले आदेश तक होगी।'

तलाक के खिलाफ बच्चों के साथ धरने पर बैठी महिला

कोझिकोड (केरल), 18 अक्तूबर (भाषा)।

पत्नी को तलाक देने वाले 35 वर्षीय मुसलिम व्यक्ति पर यहां मामला दर्ज किया गया। तलाक के बाद महिला पिछले पांच दिनों से अपने दो बच्चों के साथ पति के घर के बाहर विरोधस्वरूप बैठी हुई थी। उसका मामला तब प्रकाश में आया, जब खबरों में दिखाया गया कि वनीमेल के नजदीक गांव के घर के बाहर बुर्का पहनी हुई महिला अपनी पांच वर्ष की बेटी और दो वर्ष के बेटे के साथ बैठी हुई है।

अपनी दशा की तरफ ध्यान आकर्षित करने के लिए फातिमा जुवेरिया (24) घर के बाहर विरोध कर रही थी। उसने आरोप लगाया कि उसके पति ने उसे तलाक देकर दूसरी महिला से शादी कर ली। उसकी शिकायत के आधार पर वलयम पुलिस ने उसके पति एके समीर पर मुसलिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) कानून, 2019 की धारा तीन और चार के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि वनीमेल निवासी समीर (35) खाड़ी देश में काम करता है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उसकी शिकायत के मुताबिक आरोपी ने स्थानीय अदालत परिसर में 24 सितंबर को उसे तीन बार तलाक बोला।

अधिकारी ने बताया कि फातिमा समीर और उसके परिवार के खिलाफ विभिन्न आरोपों में चार दीवानी मामले दर्ज कराई हुई है।

करतार सिंह भड़ाना भाजपा में शामिल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

हरियाणा के रहने वाले गुर्जर नेता और पूर्व विधायक करतार सिंह भड़ाना शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त किया।

बार-बार दल बदलने वाले भड़ाना बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए हैं। वे पहले भी भाजपा में रह चुके हैं। वे कांग्रेस नेता अवतार सिंह भड़ाना के भाई हैं और उनके परिवार का खासतौर से गुर्जर समुदाय में काफी प्रभाव है।

करतार सिंह भड़ाना दो बार हरियाणा से और एक बार उत्तर प्रदेश से विधायक रहे हैं।हरियाणा में 21 अक्तूबर को चुनाव होने हैं और मतों की गिनती 24 अक्तूबर को होगी।

पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक
punjab national bank ...the name you can BANK upon!
(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

सर्किल कार्यालयः बुलन्दशहर
पताः यमुनापुरम, बुलन्दशहर, उ.प्र.-203001
मो.: 9897912444, फोनः 05732-281724, ईमेलः cobsrsamd@pnb.co.in

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 एवं 9 के अंतर्गत आम जनता के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना, अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिये ई-नीलामी के लिये सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्त्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिये ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणधारकों/ मार्टगैजरों/ गारन्टरों को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत क्रेडीटर के पास गिरवी रखी गई/ चार्ज्ड नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जिसका कब्जा पंजाब नेशनल बैंक प्रतिभूत क्रेडीटर के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कर लिया गया है, को नीचे वर्णित ऋणधारकों/ गारन्टरों/ मार्टगैजरों से पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूत क्रेडीटर के बकाया नीचे वर्णित ऋणों की वसूली के लिये ''जैसा है जहां है', ''जो भी जैसा है'' तथा ''जो कुछ भी वहां है'' आधार पर 13.11.2019 को बिक्री की जायेगी। ज्ञात अधिभारों के साथ अचल सम्पत्ति का संबंधित विवरण नीचे वर्णित है।
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये कृपया 1) https://www.pnbindia.in, 2) https://www.pnbindia.biz, 3) https://eprocure.gov.in/epublish/app देखें।

ई-नीलामी की अनुसूची

निरीक्षण की तिथि एवं समय	ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि	नीलामी की तिथि एवं समय
08.11.2019 (शुक्रवार) 12.00 बजे अप. से 16.00 बजे अप.	11.11.2019 (सोमवार) 16.00 बजे अप. तक	13.11.2019 (बुधवार) 12 बजे दोप. से 14.00 बजे अप.

प्रतिभूत परिसम्पत्तियों की अनुसूची

क्रम सं.	ऋणधारक का नाम एवं बैंक शाखा	सम्पत्ति के स्वामी/ मार्टगैजरों का नाम	प्रतिभूत ऋण का विवरण	गिरवी सम्पत्ति(यों) का विवरण	आरक्षित मूल्य	ईएमडी	सरफैसी अधिनियम की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना की तिथि	सरफैसी अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत कब्जा की तिथि
1.	मै. श्री कॉरूगेटर्स-प्रॉप. श्रीमती सीमा सोलंकी शाखाः एसवीडीसी, अलीगढ़	श्री संकोच चौहान, श्री उत्कोच चौहान	रु. 7950872/- के साथ 1.7.2018 से आगे का ब्याज	गली नं. 2, गूलर रोड, अलीगढ़ में स्थित आवासीय मकान सं. 5/117, माप 200.00 वर्ग यार्ड्स, चौहद्दीः उत्तर पुष्पा देवी का मकान, दक्षिणः जय नारायण का मकान, पूर्वः बाम्बे वाला पेच, पश्चिमः 8 फीट चौड़ा रास्ता	रु. 5000000/- (रु. पचास लाख मात्र)	रु. 500000/- (रु. पांच लाख मात्र)	1.8.2018	10.01.2019 (सांकेतिक कब्जा)
2.	मै. यूटुक पैकेजिंग, प्रॉप. श्रीमती प्रत्यूश प्रभा, पत्नी श्री संकोच चौहान शाखाः एसवीडीसी, अलीगढ़	प्रत्यूश प्रभा एवं सीमा सोलंकी	रु. 5092342/- के साथ 1.7.2018 से आगे का ब्याज एवं लागत	''प्लॉट नं. 79ए, 79 बी, 80, 81, ब्लॉक सी, बसंत विहार कॉलोनी, खसरा नं. 49, अलापुर गडिया, खैर बाईपास रोड, पी एंड टी कोइल, अलीगढ़, उ.प्र.-202001, एरिया माप 340.71/ वर्ग मीटर, चौहद्दीः उत्तरः संकोच चौहान की सम्पत्ति, दक्षिणः रोड 14 फीट चौड़ा, पूर्वः सोसायटी के सदस्य का प्लॉट, पश्चिमः रोड 23'0'' चौड़ा टिप्पणीः ईएम, बिक्री प्रलेख की प्रमाणित प्रति के आधार पर की गई, मूल टाइटल डीड बैंक के पास उपलब्ध नहीं है।	रु. 180000/- (रु. अठारह लाख मात्र)	रु. 180000/- (रुपये एक लाख अस्सी हजार मात्र)	14.09.18	10.01.2019 (सांकेतिक कब्जा)
3.	मै. गगन बुक डिपो-प्रॉप. श्री उमा शंकर, पुत्र श्री राम चन्द्र शाखाः एसवीडीसी, अलीगढ़	श्रीमती सुधा शर्मा, पत्नी श्री उमाशंकर शर्मा	रु. 1371706.33/- के साथ 1.1.18 से आगे का ब्याज एवं लागत	एच नं. 19/196, गगन बुक डिपो, बापू नगर, खेवत नं. 303, गम्भीरपुरा, गली नं. 2, मनोई डिश के निकट, परगणा एवं तहसील कोइल, जिला अलीगढ़, उ.प्र.-202001, में स्थित आवासीय मकान, माप 62.70 वर्ग मीटर। चौहद्दीः पूर्वः प्रेमपाल का मकान, पश्चिमः 12 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः संतोष कुमार का मकान तथा दक्षिणः राजेन्द्र का मकान	रु. 1600000/- (रुपये सोलह लाख मात्र)	रु. 160000/- (रुपये एक लाख साठ हजार मात्र)	29.01.2018	27.8.2018 (सांकेतिक कब्जा)* अब, बैंक के पास भौतिक कब्जा है
4.	मै. तनिष्क स्टील शाखाः एसवीडीसी, अलीगढ़	श्री संकोच चौहान	रु. 38,03,128/- के साथ 1.4.18 से आगे का ब्याज एवं लागत	मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, खैर, अलीगढ़, उ.प्र. में स्थित औद्योगिक प्लॉट एन. 29 से 32, माप 512 वर्ग मी. चौहद्दीः पूर्वः इंडस्ट्रियल इस्टेट रोड, पश्चिमः प्लॉट नं. 35, 36, 37 एवं 38, उत्तरः प्लॉट नं. 3, दक्षिणः प्लॉट नं. 38	रु. 1400000/- (रु. चौदह लाख मात्र)	रु. 140000/- (रु. एक लाख चालीस हजार मात्र)	3.5.2018	24.7.2018 (सांकेतिक कब्जा)
				मिनी इंडस्ट्रियल इस्टेट, खैर, अलीगढ़, उ.प्र. में स्थित औद्योगिक प्लॉट न. 34 से 36, माप 384 वर्ग मी. चौहद्दीः यू.: प्लॉट नं. 31, 32 एवं 33, प.- इंडस्ट्रियल इस्टेट रोड, उ.- इंडस्ट्रियल इस्टेट रोड, दक्षिणः प्लॉट नं. 37	रु. 900000/- (रु. नौ लाख मात्र)	रु. 90000/- (रु. नब्बे हजार मात्र)	3.5.2018	24.7.2018 (सांकेतिक कब्जा)
5.	श्री कमलेश चन्द गुप्ता शाखाः विक्रम कॉलोनी, अलीगढ़	श्री कमलेश चन्द गुप्ता एवं श्रीमती रश्मि गुप्ता	रु. 8079399/- के साथ 1.5.18 से आगे का ब्याज	10.9.2015 को क्रम सं. 8966 पर बही नं. 1, जिल्दनं. 12130, पेज 303/348 पर सब-रजिस्ट्रार कोईल के पास पंजीकृत आवासीय फ्लैट नं. 4, प्रथम तल, स्क्वॉयर टावर, जापान हाउस, मैरिस रोड, अलीगढ़ उ.प्र.-202001, माप 153.28 वर्ग मीटर, चौहद्दीः पूर्व- खुला स्थान बाउण्ड्री वाल कॉम्प्लेक्स, पश्चिमः प्रवेश लॉबी, सीढ़ियां, उत्तरः खुला स्थान बाउण्ड्री वाल कॉम्प्लेक्स, दक्षिणः अमित कुमार अगरवाल का फ्लैट नं. 5	रु. 38,90,000/- (रु. अड़तीस लाख नब्बे हजार मात्र)	रु. 3,89,000/- (रु. तीन लाख नवासी हजार मात्र)	7.6.2018	10.10.2018 (सांकेतिक कब्जा)
6.	मै. मा वैष्णो कॉरूगैटर्स- प्रॉप. श्री संकोच चौहान, शाखाः एसवीडीसी, अलीगढ़	श्री संकोच चौहान	रु. 9425423/- के साथ 1.4.18 से आगे का ब्याज	खसरा नं. 49, प्लॉट नं. 93, 94, 92, ब्लॉक सी, अलापुर गडिया, परगणा एवं तहसील कोइल, अलीगढ़, उ.प्र.-202138, माप 310.81 वर्ग मी. में स्थित फैक्ट्री भूमि एवं भवन	रु. 27,00,000/- (रु. सत्ताईस लाख मात्र)	रु. 270000/- (रु. दो लाख सत्तर हजार मात्र)	21.4.2018	12.7.2018 (सांकेतिक कब्जा)
7.	श्री उत्कोच चौहान शाखाः एसवीडीसी, अलीगढ़	श्री उत्कोच चौहान	रु. 7553005/- के साथ 1.4.18 से आगे का ब्याज	बुक नं. 1, वॉल नं. 7702, पेज 345/3676, एसएन 7624 तिथि 31.7.15 में सब-रजिस्ट्रार के पास पंजीकृत पूरण भवन, दिल्ली गेट, गूलर रोड, अलीगढ़, उ.प्र.-202001 में स्थित आवासीय मकान, माप 108.50 वर्ग यार्ड्स। चौहद्दीः पूर्वः राजेश कुमार की सम्पत्ति, पश्चिमः शैलेन्द्र कुमार की सम्पत्ति, उत्तरः 19 फीट चौड़ा पैसेज, दक्षिणः अन्य का मकान।	रु. 50,00,000/- (रु. पचास लाख मात्र)	रु. 500000/- (रु. पांच लाख मात्र)	18.4.2018	3.7.2019 (भौतिक कब्जा)
8.	श्री संकोच चौहान शाखाः एसवीडीसी, अलीगढ़	श्री संकोच चौहान	रु. 7347878.14 के साथ 1.4.18 से आगे का ब्याज	10/1 डी, पूरण भवन, दिल्ली गेट, गूलर रोड, अलीगढ़, उ.प्र.- 202001 में स्थित आवासीय मकान, माप 99.66 वर्ग यार्ड्स, चौहद्दीः पू.: विक्रेता की भूमि, अब उत्कोच चौहान का मकान, प.-योगेश जोहरी की सम्पत्ति, उ.- 19 फीट चौड़ा पैसेज, द.-चेतराम का मकान	रु. 45,00,000/- (रु. पैंतालिस लाख मात्र)	रु. 450000/- (रु. चार लाख पचास हजार मात्र)	18.4.2018	3.7.2019 (भौतिक कब्जा)

ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें

यह बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्त्तन) नियमावली, 2002 तथा अधोलिखित शर्तों के अधीन होगीः

i. सम्पत्ति की बिक्री ''जैसा है जहाँ है आधार'' तथा जो भी वहाँ है आधार'' पर की जायेगी।
ii. यहाँ ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत परिसम्पत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी में सत्य हैं, लेकिन इस उद्घोषणा में किसी भी गलती, गलत-विवरण अथवा खामियों के लिये प्राधिकृत अधिकारी उत्तरदायी नहीं होंगे।
iii. प्रतिभूत परिसम्पत्तियों को आरक्षित मूल्य से कम में नहीं बेचा जायेगा।
iv. नीलामी बिक्री पोर्टल https://etender.pnbnet.in; www.pnbindia.in; www.eprocure.gov.in/app पर ''ई-नीलामी के द्वारा ऑन लाइन'' होगी।
v. बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि अपनी बोली जमा करने तथा ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व ई-नीलामी बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिये पोर्टल https://etender.pnbnet.in; www.pnbindia.in; www.eprocure.gov.in/app देखें एवं/अथवा श्री सुशील कुमार मुख्य प्रबंधक प्राधिकृत अधिकारी (मोबाईल नं. 8171113784) से सम्पर्क करें।
vi. इच्छुक बोलीदाता को उपरोक्त तालिका में वर्णित तिथि तक ''प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक'' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट द्वारा अथवा अधोलिखित खाता पंजाब नेशनल बैंक, यमुनापुरम, बुलन्दशहर, खाता नं. 4568002100002378 (आईएफएससी कोड PUNB0456800) के पक्ष में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा ईएमडी का भुगतान करना होगा। यह ड्राफ्ट किसी को-ऑपरेटिव बैंक का नहीं होना चाहिये।
vii. ईएमडी के भुगतान के बाद बोलीदाता को अधोलिखित जमा करना होगाः 1. ईएमडी के भुगतान का प्रमाण (यदि एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा भेजा गया हो) अथवा मूल डिमांड ड्राफ्ट (* यदि भुगतान ड्राफ्ट के द्वारा किया गया हो) 2. आईडी प्रुफ अर्थात् पैन कार्ड आदि की स्कैन की गई कॉपी, 3. आवासीय पते का प्रमाण, 4. क) बोलीदाता का नाम, ख) मोबाईल नं./सम्पर्क नं. ग) पता, घ) ई-मेल का पता, ङ) ईएमडी के ऑन लाइन रिफंड, यदि कोई हो, के लिये बोलीदाता के खाता का विवरण, 5. व्यक्तियों को छोड़कर अन्य बोलीदाताओं को ई-बोली के लिये उपयुक्त मैंडेट भी जमा करना होगा। बोलीदाता को ई-मेल cobsrsamd@pnb.co.in के पते पर प्राधिकृत अधिकारी/नोडल अधिकारी के पास ईमेल द्वारा इन दस्तावेजों को जमा करना होगा तथा साथ हीं ''खाता क्रम सं. आईपी में बोली'' के रूप में शीर्षकिंत मुहरबंद लिफाफे में ऊपर वर्णित पते पर शाखा में प्राधिकृत अधिकारी के पास इन दस्तावेजों (मूल डिमांड ड्राफ्ट) के स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी भी जमा करना होगा।
viii. इच्छुक बोलीदाता को मुख्य प्रबंधक, श्री राजवीर सिंह (मो.नं. 8800305533, सर्किल कार्यालय, बुलन्दशहर, यमुनापुरम बुलन्दशहर, उ.प्र.-203001 से अग्रिम में लागिन आईडी तथा पासवर्ड भी प्राप्त करना होगा जो ई-बोली के लिये अनिवार्य है। यह लॉगिन आईडी तथा पासवर्ड बोलीदाता द्वारा उपलब्ध कराये गये ई-मेल के पते पर भेजा जायेगा। यदि वह बोलीदाता को प्राप्त नहीं हो तो वे उपरोक्त अधिकारी से सम्पर्क करें।
ix. केवल वैध यूजर आईडी एवं पासवर्ड तथा एनईएफटी/आरटीजीएस/डिमांड ड्राफ्ट (जहाँ भुगतान डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया गया हो) के भुगतान की संतुष्ट प्रमाण रखने वाले बोलीदाता ही ऑन लाइन ई-नीलामी में भाग लेने के योग्य होंगे।
x. प्राधिकृत अधिकारी को उसका कोई भी कारण बताये बिना किसी या सभी बोलियों को स्वीकार या निरस्त करने यदि स्वीकार्य नहीं हो, अथवा नीलामी को निलम्बित/रद्द/स्थगित करने/अवरुद्ध करने अथवा किसी भी समय नीलामी की शर्तों में परिवर्तन करने का अधिकार प्राप्त है तथा इस संदर्भ में उनका निर्णय अंतिम होगा।
xi. बोलीदाता रु. 20,000/- (रु. बीस हजार मात्र) के गुणक में अपने प्रस्ताव में सुधार कर सकते हैं। यदि बोली नीलामी की समापन समय के अंतिम 5 मिनटों में रखी जाती है तो समापन का समय स्वतः 5 मिनट आगे बढ़ जायेगा।
xii. नीलामी आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी तथा बोलीदाता उपरोक्त रूप में अपने प्रस्ताव में सुधार कर सकते हैं। ऑन लाइन नीलामी की समाप्ति के बाद उच्चतम बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जायेगा तथा वह बिक्री प्रतिभूत क्रेडीटर द्वारा पुष्टि के अधीन होगी।
xiii. सफल बोलीदाता को तत्काल अर्थात् उसी दिन अथवा अधिकतम अगले कार्य दिवस, जैसा भी मामला हो, को ऊपर क्रम सं. vi में वर्णित खाता में नीलामी का संचालन करने वाले प्राधिकृत अधिकारी के पास डिमांड ड्राफ्ट द्वारा 25% बोली/बिक्री राशि (जिसमें धरोहर राशि शामिल नहीं है) का भुगतान करना होगा। निर्धारित अवधि में शेष 25% बोली राशि के भुगतान में चूक करने पर जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी तथा प्रतिभूत परिसम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी।
xiv. सफल बोलीदाता द्वारा 75% शेष राशि का भुगतान बैंक द्वारा बोली की स्वीकृति की तिथि से 15 दिनों के भीतर की जायेगी निर्धारित अवधि में शेष 75% राशि के भुगतान में चूक करने पर जमा की गई राशि जब्त कर ली जायेगी तथा चूक करने वाले क्रेता सम्पत्ति अथवा उस राशि जिसके लिये बाद में सम्पत्ति की बिक्री की जायेगी के किसी भाग के प्रति अपने दावे के अधिकार से वंचित हो जाएंगे।
xv. यदि बिक्री के लिये निर्धारित तिथि को अथवा उससे पूर्व किसी भी समय ऋणधारक या गारन्टर/रों के द्वारा/उनकी ओर से सभी लागतों, चार्जेज तथा उनके द्वारा वहन किये गये खर्चे अथवा बैंक को यथा-स्वीकार्य उसके भाग के साथ बैंक के बकाये का भुगतान कर दिया जाता है तो सम्पत्ति की बिक्री रद्द कर दी जायेगी।
xvi. पंजीकरण चार्जेज, स्टाम्प ड्यूटी, करों आदि सहित सभी सांविधिक बकायों/एटैन्डेन्ट चार्जेज/अन्य बकायों का वहन क्रेता को ही करना होगा।
xvii. बिक्री प्रमाण पत्र बिक्री का रशीद उसी नाम में जारी किया जायेगा जिसमें बोली जमा की गई हो।
xviii. जिन बोलीदाता के पास इन्टरनेट की सुविधा नहीं हो, लेकिन वे ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हों, वे श्री राजवीर सिंह मुख्य प्रबंधक, प्राधिकृत अधिकारी (मो. नं. 8800305533, सर्किल कार्यालय, बुलन्दशहर, यमुनापुरम से सम्पर्क कर सकते हैं।
xix. बैंक को ज्ञात अन्य कोई अधिकार-ज्ञात नहीं। ई-नीलामी की गई सम्पत्तियों के संदर्भ में किसी चार्ज, लिएन, अधिभार अथवा सरकार या किसी अन्य के किसी भी प्रकार के बकाये के लिये प्राधिकृत अधिकारी अथवा बैंक उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता को सलाह दी जाती है कि सांविधिक देयताओं, सम्पत्ति कर के बकाये, बिजली के बकाये आदि सहित सम्पत्ति पर अधिभारों के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर लें।
xx. बोलीदाता उपयुक्त इन्टरनेट कनैक्टिविटी, पावर बैक-अप आदि सुनिश्चित कर लें। यह इन्टरनेट फैल्योर, पावर फैल्योर अथवा ई-नीलामी के प्रभावित करने वाले तकनीकी कारणों/आकष्मिक कारणों से किसी भी व्यवधान के लिये उत्तरदायी नहीं होगा। यदि नीलामी की तिथि को अवकाश दिवस घोषित होता है तो नीलामी अगले कार्यदिवस को आयोजित की जायेगी।
xxi. यदि नीलामी की तिथि को अवकाश दिवस घोषित होता है तो नीलामी अगले कार्य दिवस को आयोजित की जायेगी।

''बैंक ने सरफैसी अधिनियम की धारा 14 के अंतर्गत डीएम, बुलन्दशहर के पास भौतिक कब्जे के लिये आवेदन दाखिल कर दिया है।

तिथिः 18.10.2019
स्थानः बुलन्दशहर

प्राधिकृत अधिकारी,
प्रतिभूत क्रेडीटर, पंजाब नेशनल बैंक सर्किल कार्यालय, बुलन्दशहर

जनसत्ता

अमीरी का आंकड़ा

भारत में बड़े अमीरों की संपत्ति बढ़ने की रफ्तार में कमी आई है, यह सुन कर गरीबों को थोड़ी देर के लिए सुकून मिल सकता है। लेकिन पिछले कुछ सालों में भारत में अमीर जिस तेजी से और अमीर हुए हैं और गरीबों की गरीबी और ज्यादा बढ़ी है, यह हैरान करने वाला तथ्य है। जाहिर है, असमानता कम होने के बजाय और बढ़ती जा रही है। अमीर-गरीब के बीच खाई और चौड़ी हुई है, यह एक प्रामाणिक सच्चाई है। ऐसे में समतामूलक समाज की कल्पना तो नहीं की जा सकती! देश में गरीब और मध्यम वर्ग का तबका सबसे बड़ा है और यही असल गरीब भी है। अरबपतियों की तादाद तो सिर्फ कुछ लाख ही है। इसलिए ऐसे में जब अरबपतियों की संख्या बढ़ने-घटने या उनकी संपत्ति में कमी-बेशी होने की खबरें आती हैं, तभी गरीब को इनकी भनक लगती है। हाल में धन प्रबंधन का आकलन करने वाली एक संस्था कार्वी वेल्थ मैनेजमेंट ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि पिछले साल अमीरों की संपत्ति वृद्धि की दर घट कर 9.62 फीसद रह गई है जो पूर्ववर्ती वर्ष (2017) में साढ़े तेरह फीसद थी। अमीरों की संख्या भी घटी है। रिपोर्ट बताती है कि भारत में अरबपतियों की संख्या दो लाख तिरसठ हजार से घट कर दो लाख छप्पन हजार रह गई, यानी सात हजार लोग अरबपति से करोड़पति की श्रेणी में आ गए। इसलिए एक सवाल यह भी उठता ही है कि अमीर के साथ ऐसा क्या हो रहा है कि उसकी संपत्ति में गिरावट आ रही है और अरबपति की श्रेणी से बाहर हो रहा है।

सवाल है कि अमीर या बड़ा अमीर है कौन। मोटे तौर पर अमीर वही है जो हर तरह के आर्थिक संसाधनों से संपन्न है, जिसके पास खासी संपत्ति हो, उद्योग-धंधों, निवेश, विदेश व्यापार जैसी गतिविधियों में उसकी भागीदारी हो। करोड़पति भी अमीर ही हैं, लेकिन इनकी संख्या कुछ करोड़ों में ही होगी। मध्यवर्ग और निम्न वर्ग ही हैं जिन्हें रोजगार की समस्या से सबसे ज्यादा रूबरू होना पड़ रहा है। लोगों के पास काम के अवसर सीमित होते जा रहे हैं और इसलिए इनमें भी एक बड़ा तबका ऐसा बनता जा रहा है जो आज पंद्रह-बीस हजार की नौकरी करने के लिए मजबूर है। जाहिर है, ऐसे में निम्न आय वर्ग का तबका और बड़ा होता जाएगा। पर अमीरों पर कोई असर इसलिए नहीं पड़ने वाला क्योंकि यह वर्ग करोड़पति और अरबपति के बीच ही बना रहेगा।

अगर बड़े अमीरों की तादाद घट रही है तो यह इस बात का संकेत है कि कहीं न कहीं सरकार की आर्थिक नीतियां ऐसी हैं जिनसे अमीरों पर असर पड़ रहा है। पर आमजन तो यही सोचता है कि अगर अमीर के पास से पैसा निकल रहा है तो वह गरीब को क्यों नहीं मिल रहा! संपत्ति के लिहाज से देखें तो भारत के अमीरों के पास मौजूद कुल संपत्तियों में दो सौ बासठ लाख करोड़ रुपए की वित्तीय संपत्ति है। इनकी चल-अचल संपत्ति का अनुपात साठ-चालीस का है। इस तरह की खबरें हैरान इसलिए करती हैं कि ये अमीरी के आंकड़े और इनकी गाथा उस देश में है जो भुखमरी से निपट पाने के मामले में वैश्विक पैमाने पर पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों से भी नीचे है। जहां आज भी करोड़ों बच्चे कुपोषण के शिकार हैं, आबादी का बड़ा हिस्सा बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित है, बच्चों को शिक्षा के अवसर वैसे नहीं हैं जो मिलने चाहिए। ग्रामीण भारत की हालत तो आज भी चिंताजनक है। ऐसे में भारत पांच लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है। अमीर अपनी घटती दौलत से परेशान हैं। ऐसे में गरीब की चिंता करने वाला कौन है?

संवेदनहीनता की हद

मध्यप्रदेश में ग्वालियर जिले के समूदन गांव में आवारा घूम रही आठ गायों सहित सत्रह गोवंश की मौत जिस तरह हुई, हो सकता है उसे कुछ पशुओं की मौत मान कर लोग बाकी का काम बिना किसी परेशानी के करने लगें। लेकिन इंसानी समाज अपने विकास के साथ आज जिस मुकाम तक पहुंच सका है, वहां यह उम्मीद होगी कि लोगों के भीतर किसी भी जीव के प्रति संवेदना के तत्त्व जिंदा रहें। सवाल है कि जो पशु न केवल आम जीवन, बल्कि उपयोगिता के लिहाज से भी मानव समाज के साथी रहे हैं, लोग उनकी देखरेख के लिए तन-मन-धन से समर्पित रहे हैं, आज उनके आवारा घूमने की नौबत कैसे आ गई है! गौरतलब है कि ये पशु आमतौर पर निजी स्वामित्व से लेकर गोशालाओं के संरक्षण में पलते रहे हैं और उनकी देखभाल का एक समूचा सामाजिक तंत्र बना रहा है। लेकिन समूदन गांव के आसपास ये पशु आवारा घूम रहे थे और कुछ लोगों ने स्थानीय सरकारी स्कूल के एक कमरे में उन्हें ठूंस कर बंद कर दिया। उस कमरे में वे पशु पिछले सात दिन से बिना चारा-पानी के बंद थे और आखिर उनमें से सत्रह की जान चली गई।

इस मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और अब दोषियों की खोज की जाएगी। लेकिन हैरानी की बात यह है कि जहां गाय एक राजनीतिक मुद्दे के रूप में बेहद संवेदनशील पशु के तौर पर देखी जाने लगी है, वहीं इतनी सारी गायें बिना किसी संरक्षण के आवारा घूमने की हालत में हैं और कुछ लोगों की ऐसी क्रूरता की शिकार बन रही हैं। हाल में ऐसी खबरें जरूर आई हैं कि आवारा पशुओं की वजह से कई इलाकों में खेतों में लगी फसलों को काफी नुकसान पहुंच रहा है। गाय या बैल जैसे पशु अब तक सामाजिक जिम्मेदारी रहे हैं, उनके पालन-पोषण से लेकर अंतिम समय तक के लिए एक समूचा चक्र बना हुआ है और पशुपालन के काम में लगे लोग अपने पालतू पशुओं को लेकर कई बार बेहद भावुक भी रहे हैं। लेकिन आज यह देखना विचित्र है कि कुछ लोग पशुओं के खिलाफ इस हद तक बेरहम हो जा रहे हैं।

हमारे समाज में सभी जीवों के प्रति संवेदनशील होने की सीख दी जाती रही है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51 (ए) के तहत भी यह कहा गया है कि हर जीवित प्राणी के प्रति सहानुभूति रखना भारत के सभी नागरिकों का मूल कर्तव्य है। पशुओं के प्रति क्रूरता के खिलाफ कई कानून भी मौजूद हैं। लेकिन इन पहलुओं की अनदेखी करके आज पशुओं के प्रति ऐसे बर्ताव करते हुए लोग नहीं हिचक रहे हैं। अक्सर सड़कों पर गुजर रहे वाहनों में गाय-भैंस या दूसरे पशुओं को बेहद तकलीफदेह हालात में ले जाते देखा जा सकता है। कई बार आवारा कुत्तों की बढ़ती समस्या की शिकायतों के बाद संबंधित प्रशासनिक महकमे के लोग जिस तरह उन्हें वाहनों में भर कर ले जाते हैं, वह मनुष्य की संवेदना पर एक सवालिया निशान की तरह होता है। जबकि पशुओं को असुविधा में रख कर, दर्द पहुंचा कर या परेशान करते हुए किसी भी गाड़ी में एक से दूसरी जगह ले जाना दंडनीय अपराध भी है। सभ्य समाजों का हिस्सा होने के नाते मनुष्य से इस तरह की संवेदनहीनता की अपेक्षा कतई नहीं होती है। इंसान और पशु की जगह अलग-अलग हो सकती है। लेकिन इंसान से यह उम्मीद जरूर होगी कि कम से कम वह अपनी इंसानियत ही बचा ले!

कल्पमेधा

अमीर और गरीब के अंतर कितना मामूली है!
एक ही दिन की भूख और प्यास दोनों
को बराबर बना देती हैं।
-खलील जिब्रान

मध्य-पूर्व में कुर्दिस्तान की आहट

ब्रह्मदीप अलूने

तुर्की में इस समय बीस फीसद कुर्द हैं। पीढ़ियों से तुर्की में कुर्दों के साथ शत्रुतापूर्ण व्यवहार होता रहा है। तुर्की में कुर्दिश नाम और उनके रिवाजों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके साथ ही कुर्दिश भाषा भी प्रतिबंधित है। यहां तक कि कुर्दिश पहचान को भी खत्म कर दिया गया है। साल 2017 में इराक में अलग कुर्दिस्तान के लिए जनमत संग्रह हुआ तो भारी तादाद में कुर्दों ने इसके पक्ष में मत डाले। इसके बाद तुर्की कुर्दों को लेकर गहरे दबाव में आ गया।

बगावत और हिंसक संघर्षों से लंबे समय से जूझते देश सीरिया की आंतरिक राजनीति ने एक बार फिर करवट ली है। इस्लामिक स्टेट (आइएस) के खूनी संघर्ष से निपटने में सीरिया के मददगार रहे तुर्की के तेवर अचानक बदल गए हैं। दरअसल, कुछ दिनों पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी सेना को सीरिया की जंग से अलग करने का जैसे ही ऐलान किया, वैसे ही तुर्की ने कुर्दों को निशाना बना कर पश्चिम एशिया में नया संकट खड़ा कर दिया है। तुर्की कुर्दों के संगठन को आतंकवादी समूह मानता है और उसे अपनी संप्रभुता के लिए खतरा बताता रहा है। वहीं, अमेरिका कुर्दों को लेकर उदार रवैया दिखाता रहा है। पश्चिम एशिया की मुसलिम लड़ाकू जनजाति कुर्द अपनी बहादुरी और दिलेरी के लिए दुनिया भर में विख्यात है। इसका प्रभाव सीरिया के उत्तरी इलाकों के साथ ही तुर्की, इराक और ईरान तक है।

सीरिया के उत्तर में कुर्द ठिकानों पर तुर्की की सेना लगातार गोलाबारी कर रही है और इससे इस इलाके में रहने वाले हजारों परिवार युद्ध की मार झेल रहे हैं। दुनिया के सबसे खतरनाक इलाकों में शुमार इस क्षेत्र में आइएस के कई लड़ाके कुर्दों के कब्जे में हैं और तुर्की के हमलों के बाद से वे जेलों से भाग रहे हैं। आइएस के इन खूंखार लड़ाकों को कुर्दों ने अमेरिकी सेना की मदद से बड़ी मुश्किल से पकड़ा था। ऐसे में इनका भाग निकलना पश्चिम एशिया सहित पूरी दुनिया को खतरे में डाल सकता है। यदि ये लड़ाके फिर से संगठित हो गए तो आइएस मध्य-पूर्व में फिर से मजबूत हो जाएगा और इसके दूरगामी परिणाम बेहद खतरनाक होंगे। दूसरी ओर, तुर्की के राष्ट्रपति कुर्दों पर हमले के अमेरिका और यूरोप के विरोध को दरकिनार कर धमका रहे हैं कि यदि उन्हें हमलों से रोका गया तो वे पश्चिमी एशिया के छत्तीस लाख युद्ध प्रभावित शरणार्थियों को यूरोप में धकेल देंगे।

तुर्की का कहना है कि सीरिया से गृह युद्ध के चलते जो शरणार्थी तुर्की में रह रहे हैं, उन्हें वे सुरक्षित क्षेत्र में बसाना चाहते हैं। वह वहां बीस लाख सीरियाई शरणार्थियों के लिए एक शिविर बनाएगा। फिलहाल यह इलाका कुर्दों के पास है। कुर्द लड़ाकों की मदद कर रही सीरिया सरकार की सेना रणनीतिक रूप से अहम मानबिज शहर में दाखिल हो गई है। तुर्की इस इलाके को खाली करवा कर सुरक्षित क्षेत्र बनाने की बात कह रहा है। इस समूचे घटनाक्रम में अमेरिका की पश्चिम एशिया को लेकर पूर्व से चली आ रही अस्थायी और अस्पष्ट नीति एक बार फिर सामने आई है।

बीते कई सालों से महाशक्तियां मध्य-पूर्व को शतरंज की बिसात पर तोल कर शह और मात का खेल खेलती रही हैं। इसमें तेल की राजनीति के साथ मजहब की जोर आजमाइश को बढ़ावा दिया गया है। विश्व के संपूर्ण उपलब्ध तेल का लगभग छियासठ प्रतिशत ईरान की खाड़ी के आसपास के इलाकों, मुख्य रूप से कुवैत, ईरान और सऊदी अरब में पाया जाता है। सोवियत संघ और अमेरिका तो तेल के मामले में आत्मनिर्भर हैं, लेकिन यदि यूरोप को इस इलाके से तेल मिलना बंद हो जाए तो उसके अधिकांश उद्योग धंधे बंद हो जाएंगे और इस प्रकार यूरोपीय महाद्वीप की औद्योगिक और सामरिक क्षमता बर्बाद हो जाएगी। यही कारण है कि पश्चिमी देश मध्य-पूर्व पर अपना नियंत्रण बनाए रखना चाहते हैं।

ईरान को रोकने के लिए अरब राष्ट्रवाद को तोड़ने की जरूरत थी और इसी का परिणाम हुआ कि वर्तमान में मध्य-पूर्व शिया-सुन्नी के संघर्ष का अखाड़ा बन गया है। शिया बहुल ईरान की इस्लामिक क्रांति से नाराज अमेरिका ने सुन्नी राष्ट्रवाद की कट्टरता को उभारने में अभूतपूर्व योगदान दिया। इसका असर मध्य-पूर्व के एक महत्त्वपूर्ण देश सीरिया पर भी पड़ा। सीरिया में बहुसंख्यक सुन्नी हैं, जबकि वहां के राष्ट्रपति असद शिया हैं और ईरान समर्थित माने जाते हैं। सीरिया के पूर्व में इराक और उत्तर में तुर्की है। चौहत्तर फीसद सुन्नी आबादी वाले सीरिया में सत्ता अल्पसंख्यक शिया संप्रदाय के बशर अल असद के हाथों में है। उन्हें रूस, अपने पारंपरिक सहयोगी ईरान और ईरान के समर्थन वाले लेबनानी चरमपंथी गुट हिजबुल्ला से मजबूत कूटनीतिक और सैन्य सहयोग मिलता रहा है।

फिर 2011 में जब मशहूर 'अरब स्प्रिंग' विरोध प्रदर्शनों ने ट्यूनीशिया और मिस्र में सत्तापलट कर दिया था तो अमेरिका ने इसे असद को सत्ता से बेदखल करने के स्वर्णिम अवसर के रूप में देखा। सीरिया की सत्ता से असद को हटाने के प्रयास में अमेरिका के मददगार वहां कई विद्रोही संगठन बन गए और इसी बीच आइएस इस इलाके में मजबूती से अपनी पैठ बनाने में सफल हो गया। साल 2013 में अलकायदा से अलग होकर आइएस अस्तित्व में आया और इससे मध्य-पूर्व में संघर्ष का एक नया सिलसिला शुरू हो गया। आइएस ने अमेरिकी योजनाओं के विपरीत ईसाइयों और उदार मुसलमानों के खिलाफ जेहाद की घोषणा कर मध्य-पूर्व के राजनीतिक संघर्ष की दिशा बदल दी। आइएस ने इस इलाके के तेल कुओं पर अपना कब्जा जमा कर महाशक्तियों के सामने चुनौती पेश कर दी और इसके बाद पश्चिमी देशों, अमेरिका, रूस, तुर्की जैसे देशों ने आइएस को मिल कर खत्म करने में अपनी भूमिका निभाई। लंबे समय से इस युद्धग्रस्त इलाके से आइएस समाप्त होने की कगार पर आया तो अब एक बार फिर तुर्की ने कुर्दों के खिलाफ मोर्चा खोल कर नए संकट को जन्म दे दिया है। कभी विरोधी रहे कुर्द सीरिया की असद सरकार से मिल कर तुर्की का प्रतिरोध कर रहे हैं। वहीं अब रूस भी कुर्दों के समर्थन में आ गया है।

तुर्की से कुर्दों का विरोध पारंपरिक माना जाता है और कुर्द तुर्की को अपने दुश्मन की तरह देखते हैं। पहले विश्व युद्ध में ऑटोमन साम्राज्य की हार के बाद पश्चिमी सहयोगी देशों ने 1920 में संधि कर कुर्दों के लिए अलग देश बनाने की बात कही थी। 1923 में तुर्की के नेता मुस्तफा कमाल पाशा ने इस संधि को खारिज कर दिया था। तुर्की की सेना ने 1920 और 1930 के दशक में कुर्दिश उभार को कुचल दिया था। तब से कुर्दों और तुर्की के बीच दुश्मनी और गहरा गई। तुर्की में इस समय बीस फीसद कुर्द हैं। पीढ़ियों से तुर्की में कुर्दों के साथ शत्रुतापूर्ण व्यवहार होता रहा है। तुर्की में कुर्दिश नाम और उनके रिवाजों को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके साथ ही कुर्दिश भाषा भी प्रतिबंधित है। यहां तक कि कुर्दिश पहचान को भी खत्म कर दिया गया है। साल 2017 में इराक में अलग कुर्दिस्तान के लिए जनमत संग्रह हुआ तो भारी तादाद में कुर्दों ने इसके पक्ष में मत डाले। इसके बाद तुर्की कुर्दों को लेकर गहरे दबाव में आ गया। उसे डर है कि इस इलाके में कुर्दिस्तान के बनने से उसके देश में बसने वाले कुर्द विद्रोह कर कुर्दिस्तान में मिलने की मांग करेंगे और इससे तुर्की की संप्रभुता पर नया संकट खड़ा हो सकता है।

यूरोप के एकमात्र मुसलिम बहुल देश तुर्की के राष्ट्रपति की मुसलिम शरणार्थियों के नाम पर दी जा रही धमकियों से यूरोप, रूस और अमेरिका चिंतित हैं। ऐसे में सीरिया में संतुलन, ईरान को दबाने और इराक सहित अन्य खाड़ी देशों पर अपना प्रभाव जमाए रखने के लिए मुमकिन है कि आने वाले समय में अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र अलग कुर्दिस्तान की मांग को मान लें। ऐसा होने पर मध्य-पूर्व का भूगोल एक बार फिर बदल जाएगा और दक्षिणी-पूर्वी तुर्की, उत्तरी-पूर्वी सीरिया, उत्तरी इराक, उत्तर-पूर्वी ईरान और दक्षिण-पश्चिमी आर्मेनिया को मिला कर कुर्दिस्तान अस्तित्व में आ सकता है। कुर्दिस्तान सऊदी अरब और ईरान के प्रभुत्व को खत्म करने का पश्चिमी हथियार बन सकता है और बदलते वैश्विक परिदृश्य में इसकी संभावनाएं बलवती हो गई हैं।

विकल्प के रास्ते

संतोष उत्सुक

दुनिया मेरे आगे

यह हमारी पुरानी सांस्कृतिक, परंपरागत समृद्ध कार्यशैली है। बर्फ पड़ने से पहले, उच्चतरीय बैठक में नमकीन के साथ चाय पीकर, संभावित दिक्कतों से निपटने की पूरी तैयारी के बाद खबर छपवाई जाती है। लेकिन जब बर्फ पड़ती है तो सारा प्रबंधन पिघल जाता है। हमारे शरीर के महत्त्वपूर्ण हिस्से, प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बारे में विकल्पहीनता व्यंग्यात्मक शैली में हंस रही है। प्लास्टिक की खतरनाक गोद में हम आराम से जी रहे हैं। प्लास्टिक इतना लुभावना, सस्ता, टिकाऊ और बिकाऊ है कि हम इससे आसानी से जुदा नहीं हो पा रहे हैं। अनेक गृहिणियों के पास कई दशक पुराने प्लास्टिक पात्र होंगे, जिन्हें उन्होंने संभाल कर रखा हुआ है। वे शायद उन्हें बहुत प्रिय हैं। खानपान और जीवन-शैली में हम मांसाहारी हों या शाकाहारी, लेकिन सब प्लास्टिकहारी जरूर हैं। प्रशासन द्वारा प्लास्टिक का प्रयोग बंद होने की मजबूरन पुष्टि करने से प्रयोग बंद नहीं होगा। क्या हम इतिहास में प्रवेश कर प्लास्टिक का आविष्कार करने वाले को सजा दे सकते हैं! 1907 में प्लास्टिक के आविष्कारक लियो हेंड्रिक बैकेलैंड को पता नहीं था कि इंसान प्लास्टिक को मानवता और प्रकृति के लिए इतना खतरनाक बना लेगा। यह 'सभ्य' इंसान द्वारा प्लास्टिक उत्पादों से उठाए अनुचित लाभ का उदाहरण है। कुदरत के साथ भी इंसान ने बेहद अनुचित किया।

राष्ट्रीय हरित पंचाट से लेकर देश की कई अदालतें प्लास्टिक पर पाबंदी लगाने के आदेश दे चुकी हैं। कई मामले अदालत में बहस की प्लास्टिक में लिपटे पड़े हैं। लाखों सामाजिक संस्थाएं जुटी हुई हैं, लेकिन कोई प्लास्टिक का विकल्प बताने को राजी नहीं। विकल्प शायद अभी तक उपलब्ध ही नहीं है। कपड़े का थैला, कागज का लिफाफा सीमित विकल्प हैं। कोई नहीं जानता कि रोज प्रयोग होने वाले दूध के करोड़ों पैकेट की नई पैकिंग कैसे होने वाली है! क्या सुबह से रात तक बिकने वाली पानी की करोड़ों बोतलों की जगह कांच या स्टील की बोतलें लेंगी? सैकड़ों कंपनियों के दर्जनों स्वादों में पैक होकर आने वाले जीभ ललचाऊ, स्वास्थ्य खराब करने वाले चिप्स और दूसरे अनगिनत उत्पाद क्या अब खुले मिलेंगे?

अखिल भारतीय प्लास्टिक विनिर्माता संघ के अनुसार करोड़ों के प्लास्टिक व्यवसाय में करोड़ों लोग प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जुड़े हुए हैं। उससे ज्यादा संख्या में पेट यह उद्योग भरता है। इस व्यवसाय से सरकार को मिलने वाला राजस्व भी एक पक्ष है। बेचारी अधिकतर आम जनता फोन और मनोरंजन में व्यस्त अगले चुनाव तक सरकार का हुक्म बजाने को विवश है। लेकिन उद्योगपतियों के पास भी एकदम से कोई विकल्प नहीं है। सालों का जमा-जमाया व्यवसाय तुरंत बंद कर नए अपरिचित व्यवसाय के धरातल पर काम शुरू करना बच्चों का खेल नहीं है। कोई भी व्यक्ति अपनी पुरानी छोटी से छोटी नौकरी तब छोड़ता है, जब उसे नई नौकरी मिल रही हो और उससे आय भी ज्यादा होने वाली हो।

प्लास्टिक बंद करने से पहले जरूरी है कि इस उद्योग में छोटे से बड़े स्तर तक जितने भी मजदूर, उद्योगपति, व्यवसायी, नौकरीपेशा, दुकानदार और अन्य लोग जुड़े हुए हैं, उनके साथ विस्तार से बातचीत हो, उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्हें इस आवश्यक सामाजिक बदलाव के लिए नया व्यवसाय अपनाने को तैयार किया जाए। उन्हें समय दिया जाए, ताकि वे अपने और अपने परिवार के लिए रोजी-रोटी का प्रबंध कर सकें। इस बारे में सरकार उनकी मदद करने के संजीदा प्रयास करे। अभी तक किए गए प्रयास सिर्फ किसी को खुश करने तक सीमित लगते हैं। मान लीजिए दूध के पैकेट का विकल्प कांच की बोतल हो सकती है और प्लास्टिक पाउच बनाने वाली कंपनियां कांच की बोतल बनाना शुरू सकती हैं तो इसमें मानसिक तैयारी, तकनीक, कामगार, सरकारी सहयोग और समर्थन, मोटी धनराशि और वक्त भी चाहिए। स्मार्ट सिटी चंडीगढ़ जैसी विश्व प्रसिद्ध जगह पर सब्जी मंडी से मटर खरीदते हुए मैंने विक्रेता को पॉलिथीन बैग में न देकर कागज का लिफाफा देने को कहा तो उसने कहा- 'सर जी पहले पॉलिथीन के बैग का उत्पादन रुकना चाहिए'। मेरे पास बड़ा बैग था, लेकिन उसमें सारे फल और सब्जियां इकट्ठे डालना भी उचित न होता या फिर मैं कई छोटे थैले लेकर जाता।

एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि चालान किए जा रहे हैं, लेकिन जिनकी प्रशासनिक पहुंच है, उन्हें अभी भी ज्यादा परेशानी नहीं है। जो प्लास्टिक उत्पाद देश भर में बन चुके हैं, उन्हें चाहे प्रयोग न करें, लेकिन भविष्य में प्लास्टिक के विकल्प का होना योजना स्तर पर या बातों और सरकारी घोषणाओं में नहीं, बल्कि जूट या कपड़े के थैले की तरह वास्तविक रूप में उपलब्ध होना लाजिमी है। प्लास्टिक के उत्पादन को कम करते हुए आमजन के लिए इसका उपयुक्त विकल्प तैयार कर उसका प्रयोग बढ़ाना ही प्राथमिकता होनी चाहिए। कार्य-संस्कृति की शानदार परंपरा के अनुसार विकल्पहीनता के आसन पर बैठ कर अविलंब परिवर्तन की अपील करना हमारी श्रेष्ठ आदतों में शुमार है, जिसका शोधन और संशोधन अब बदलते वक्त की मांग है।

भूख से जंग

राफेल, चंद्रयान या तेजस ट्रेन जैसी हमारी तमाम कामयाबियों को 2019 के वैश्विक भूख सूचकांक के आंकड़े मुंह चिढ़ा रहे हैं। इनके मुताबिक भूख, कुपोषण व बाल विकास के मामले में 21वीं सदी में विश्व शक्ति बनने का दावा करने वाला भारत 117 देशों की सूची में 102 वें स्थान पर है। यह भारत का लगातार निराशाजनक प्रदर्शन है। 2018 में 119 देशों की सूची में वह 103 वें स्थान पर था। वैश्विक भूख सूचकांक दुनिया भर में भूख और कुपोषण को अपने चार पैमानों पर नाप कर सभी देशों की एक सूची तैयार करता है जिसमें कुपोषण, बाल मृत्युदर, उम्र के अनुपात में कम विकास और लंबाई के अनुपात में कम वजन को आधार बनाया जाता है। इस रिपोर्ट में भारत को उन 45 देशों के साथ रखा गया है जहां भूख को लेकर हालात चिंताजनक हैं। बल्कि इस सूचकांक में पाकिस्तान, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों ने भी भारत से बेहतर प्रदर्शन किया है। इस सूचकांक में पाकिस्तान 94 वें, बांग्लादेश 88 वें और श्रीलंका 66 वें स्थान रहा।

भारत का संविधान लोगों को भोजन का अधिकार और जीने का अधिकार देता है। इस रिपोर्ट ने उन तमाम सरकारी योजनाओं की नाकामयाबी की ओर इशारा किया है जो आजादी से लेकर अब तक भारत को भूख से मुक्त कराने के लिए बनाई गई थीं। साथ ही इसने भारत के खोखले विकास की तरफ इशारा किया है जो एक तरफ तो मंगल पर पहुंच रहा है वहीं दूसरी तरफ अपने नागरिकों को खानपान जैसी मूलभूत सुविधाएं तक मुहैया कराने में समर्थ नहीं हो पा रहा है। उधर देश की एक समस्या यह भी है कि यहां प्रतिवर्ष लाखों टन अनाज गोदामों में सड़ जाता है और भारी मात्रा में खाना बर्बाद होता है। आज तक देश में भूख के कारण हो रही मौतों के पीछे किसी की कोई जवाबदेही तय नहीं हो सकी है। यदि समय रहते भारत को भूख की इस समस्या से निजात नहीं दिलाई गई तो यह आने वाले समय में भारत के भविष्य के लिए एक बेहद चिंताजनक स्थिति उत्पन्न करेगा। इस तरह तो तकनीक के कंधे से कंधा मिलाकर चलता भारत और दूसरी तरफ भूख से जंग लड़ता भारत कभी भी एक साथ नहीं आ पाएगा।

● *शक्ति प्रताप सिंह, रश्मि खंड, लखनऊ*

समय की मांग

एक बार इस्तेमाल होने वाली प्लास्टिक से बनी वस्तुओं के विकल्प रातोंरात उपलब्ध नहीं कराए जा सकते, लेकिन इस दिशा में तेजी से कदम उठाए जाने जरूरी हैं। प्लास्टिक के खिलाफ अभियान केवल प्लास्टिक की थैलियों की जगह जूट या कपड़े के थैले या फिर प्लास्टिक के कप के स्थान पर कुल्हड़ के इस्तेमाल को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। आखिर इसकी अनदेखी कैसे की जा सकती है कि वर्तमान में खान-पान की लगभग प्रत्येक सामग्री की पैकिंग प्लास्टिक में हो रही है? इसके अलावा दूध भी प्लास्टिक की थैलियों में मिल रहा है। इसे देखते हुए समय की मांग है कि वे कंपनियां भी इस अभियान में योगदान देने के लिए सक्रिय हों जो अपने उत्पादों की पैकिंग प्लास्टिक में करती हैं।

● *हेमंत कुमार, गोराडीह, भागलपुर, बिहार*

किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

पराली के पीछे

धान की फसल काटने के बाद खेतों में बचने वाली पराली को संभालने के संसाधन व मशीनरी महंगी होने के कारण किसान पराली जलाने को मजबूर हो चुके हैं। इस सीजन के दौरान भी पंजाब के किसान पराली को आग ही लगा रहे हैं जिससे न सिर्फ पर्यावरण बुरी तरह प्रभावित हो रहा है बल्कि खेतों की उपजाऊ शक्ति भी नष्ट हो रही है। पंजाब के ज्यादातर किसानों की तरफ से धान की दो किस्मों पूसा-44 व पीआर-118 समेत बासमती की बिजाई की जाती है और इन किस्मों के ज्यादा समय लेने की वजह से इनकी फसल अक्तूबर माह में बड़ी मुश्किल से तैयार हो पाती है।

अक्तूबर के ही चौथे सप्ताह में गेहूं की बिजाई का समय शुरू हो जाता है। ऐसे हालात में किसान धान की पराली की चौपर से कटाई करने के बाद उसे आग लगा देते हैं जिससे उनका समय व पैसा दोनों बच जाते हैं। हालांकि पंजाब के खेतीबाड़ी विभाग की तरफ से पिछले कई सालों से किसानों को पराली को जलाए बिना ही हैपीसीडर, जीरो ट्रिल ड्रिल, चौपर कम सलेंडर व पैडीबेलर के जरिए गेंहू की बिजाई करने की सलाह दी जाती है लेकिन यह सारी मशीनरी काफी महंगी होने के कारण पंजाब के ज्यादातर किसानों के पास उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा विलुप्त हो रही संयुक्त परिवार परंपरा के कारण ज्यादातर किसानों के पास काफी कम जमीन है और वे ऐसी महंगी मशीनरी खरीदना तो दूर, उसे किराये पर लेने की भी क्षमता नहीं रखते। यदि किसान पराली को आग न लगाए तो उसे कम से कम 25 सौ रुपए प्रति एकड़ अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा और खेतीबाड़ी का धंधा लाभदायक नहीं रहने की वजह से वह पैसा खर्च करने को तैयार नहीं है।

● *राजीव शर्मा, कोटकपूरा, पंजाब*

ध्रुवीकरण से दूर

सन 1986 से निरंतर चर्चा में बने रहने वाले राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद की सुनवाई आखिरकर उच्चतम न्यायालय ने पूरी कर दी है। सभी पक्षों की लिखित दलीलें मिलने के बाद पांच जजों का संविधान पीठ फैसला सुनाएगा। जिसने इस मामले को फौरी निगाहों से ही देखा होगा वह भी जनता होगा कि यह लड़ाई 2.77 एकड़ जमीन को लेकर है। इस मसले को देखकर प्रेमचंद के उपन्यास 'रंगभूमि' का पात्र सूरदास याद आ जाता है जो अपनी जमीन के टुकड़े को नहीं बेचना चाहता क्योंकि वह उसकी पैतृक संपत्ति है और उससे वह भावनात्मक रूप से जुड़ा हुआ है। कुछ ऐसी ही स्थिति अयोध्या विवाद की है; एक जमीन का टुकड़ा है और ढेर सारी भावनाएं हैं!

लेकिन यह जमीन का टुकड़ा और भावनाएं एक और जगह भी होती हैं वे हैं हमारे गांव। हमारे गांवों में अक्सर देखा जाता था कि एक समाज के लोग जमीन दान कर दूसरे समाज के लोगों को गांव में लेकर आते थे भले ही यह प्रक्रिया वर्ण-व्यवस्था से प्रेरित थी लेकिन यह सामाजिक सद्भाव और विविधता को बढ़ाने वाली थी। यही हमारे भारत का स्वभाव रहा है जबकि अयोध्या मामला अलग ही दिखाई देता है। यह न केवल भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' आदर्श के विपरीत है बल्कि देश की समरसता को भी खतरा है। इसके अलावा यह मामला भावनाओं से कम, राजनीतिक ध्रुवीकरण से जुड़ा ज्यादा प्रतीत होता है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला चाहे जो हो इसे अवांछनीय ध्रुवीकरण से बचाना होगा और हमारी ग्रामीण संस्कृति की लाज रखनी होगी।

● *सचिन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय*

शाही शादी

धर्म भी अब अपने देश में बड़ा उद्योग है। उद्योगपतियों की धन-दौलत का तो फिर भी पता चल जाता है पर साधू-संत-महात्मा-धर्माचार्य कितने मालदार हैं, इसका पुख्ता आकलन कोई नहीं कर पाता। दरअसल धर्माचार्यों और मठाधीशों की धन संपदा उनके ट्रस्ट या चैरिटेबल सोसायटी के स्वामित्व में होने से कभी सामने नहीं आ पाती उनकी माली हैसियत। अब अपने सतपाल महाराज को ही लें। कहने को तो धर्माचार्य हैं। पर गृहस्थी हैं सो संत-महात्मा नहीं हो सकते। सियासत में तो गढ़वाल में पकड़ है ही, देश भर में अनुयायियों की तादाद भी करोड़ों में है। कहां नहीं हैं उनकी संपत्तियां। आजकल उनके बेटे की शादी के चर्चे हैं। जैसे कर्नाटक में रेड्डी बंधुओं और औली में पिछले दिनों सहारनपुर के गुप्ता बंधुओं की शाही शादी की चर्चा हुई थी। महाराज के बेटे सुयश का वरण रीवा की राजकुमारी मोहिनी ने किया है। टीवी धारावाहिकों की अभिनेत्री है मोहिनी। विवाह समारोह का पंडाल किसी महल से कम नहीं था। शादी शाही थी तो एक लाख मेहमान तो आते ही। कारिंदों ने इतने जमघट के बावजूद कमाल का यातायात बंदोबस्त किया। कितने राजनेता और शाही घरानों के नुमाइंदे पहुंचे। कई बड़े कांग्रेसी भी थे पर हरीश रावत नहीं दिखे। सतपाल महाराज भी रावत ही ठहरे। सो, दोनों के बीच एक म्यान में दो तलवार वाली स्थिति है। पहले महाराज भी कांग्रेसी थे। हरीश रावत के मुख्यमंत्री काल में पाला बदला। इस शाही शादी के निहितार्थ तलाशने से भी उनके विरोधी चूक नहीं रहे। दबी जुबान से ही सही पर कहने से चूक नहीं रहे कि बेटे के शादी समारोह के बहाने सतपाल महाराज ने अपनी पैठ और रसूख का प्रदर्शन कर दिखाया।

हरियाणा और महाराष्ट्र, जहां विपक्ष जनता से दूर और अंदरूनी कलह में मशगूल है वहां विधानसभा चुनावों में स्थानीय मुद्दे गायब हैं और केंद्र के हालिया लिए राजनीतिक फैसले ही राष्ट्रीय मुद्दा बन वोट मांगने का आधार बन रहे हैं। कांग्रेस के नेता अशोक तंवर ऐन चुनावी समय में नवनिर्मित जननायक जनता पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। ऐसे माहौल में कोई आश्चर्य नहीं कि सत्ता पक्ष, विपक्ष को सजा देने की मांग करता है। भारत की राजनीति का यह अहम अध्याय है कि बेसाख विपक्ष के कारण सत्ता पक्ष ही एजंडा बना और दोषी तय कर रहा। वहीं दिल्ली, जहां चुनाव अभी दूर है और भाजपा विपक्ष में है, स्थानीय मुद्दों पर पुरजोर बहस जारी है। वहां विपक्ष चुनाव जीतने की कोशिश में जुटा है। भाजपा दावा कर रही है कि वह सरकार बनाने और बाकी दल हैसियत बचाने के लिए मैदान में हैं। विपक्षी दलों की राजनीतिक काहिली ने जिस तरह लोकतंत्र को एकतरफा बना दिया है उसकी पड़ताल करता बेबाक बोल।

बेबाक बोल

पक्ष ही विपक्ष

मुकेश भारद्वाज

कथित बाबाओं के समर्थकों का शुरू किया हुआ फसाद हो या जाट आरक्षण आंदोलन के दौरान फैली अराजकता। बाबाओं के डेरों से श्रद्धालुओं के रूप में निकलते दंगाई और मारे गए लोगों का आंकड़ा। कारों की खरीद-बिक्री में सुस्ती और कई तरह के कारखानों में मंदी के बाद हरियाणा के एनसीआर से जुड़े कई शहरों में बेरोजगारी का आलम। हरियाणा में इन स्थानीय मुद्दों की कहीं गूंज नहीं है। नवनिर्मित जननायक जनता पार्टी के नेता दुष्यंत चौटाला जब इन पर बात करने की कोशिश करते हैं तो उनके सामने अनुच्छेद 370 और कश्मीर का मसला उछाल दिया जाता है।

वहीं महाराष्ट्र में वीर सावरकर से लेकर तीन तलाक और 370 जैसे मजबूत राजनीतिक फैसले के मुद्दे छाए हुए हैं। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनावों में केंद्रीय मुद्दे हावी हैं। आखिर स्थानीय मुद्दों की गूंज क्यों नहीं सुनाई दे रही?

स्थानीय मुद्दे जैसे कि बिजली, पानी, सड़क, सूखा-बाढ़, कानून व प्रशासन आम जिंदगी से जुड़े हुए होते हैं। किसानों का सवाल, आदिवासियों का सवाल और इन सबसे जुड़ा रोजी-रोटी का सवाल। लोकतंत्र में नाकामियों को उभार कर उस पर सवाल-जवाब करना विपक्ष का काम होता है। सत्ता पक्ष यह नहीं कहेगा कि देखो, हमारे शासन में एक कथित बाबा के समर्थकों के फैलाए दंगे में इतने लोग मारे गए तो आरक्षण जैसे मुद्दे पर एक खास वर्ग ने पूरे राज्य की मशीनरी को बंधक बना डाला था, और हमारी सत्ता मूकदर्शक बनी रही। हर सत्ता यह जानती है कि सामूहिक याद की उम्र बहुत छोटी होती है। जनता के सामने सत्ता के खिलाफ उन यादों का पिटारा खोलने वाला विपक्ष ही जब मैदान से गायब हो तो वह करे भी तो क्या?

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देश पर लंबे समय तक शासन तो किया लेकिन वह 2014 के बाद से अब तक विपक्ष की भूमिका निभाना नहीं सीख पाई है। 2014 के बाद शुरुआती समय तक तो कांग्रेसी नेतृत्व यही मानकर चलता रहा कि आने वाले चुनावों में जनता उसे महज इसलिए चुन लेगी क्योंकि वह वर्तमान सरकार से खुश नहीं है। उसने अपनी वापसी के लिए जनता से जुड़ने की कोशिश ही नहीं की। मध्य प्रदेश और राजस्थान में उसे उस किसान आंदोलन का फायदा मिला जो जनवादी आंदोलनों से जुड़े संगठनों ने शुरू किया था। इन दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री चुनने के लिए केंद्रीय नेतृत्व को जो आंतरिक युद्ध लड़ना पड़ा उससे साफ जाहिर है कि पार्टी को जनता के बीच की पैठ का ख्याल ही नहीं है।

हरियाणा हो या महाराष्ट्र, दोनों राज्यों में सत्ता पक्ष के नेता दावा कर रहे कि वे विपक्ष को किसी गिनती में ही नहीं रख रहे। महाराष्ट्र में भाजपा को किसी की फिक्र है तो भी वह शिवसेना जैसे सहयोगी दलों की। विपक्ष के नेता तो अपने इस्तीफों और दूसरी पार्टी में शामिल होने के कारण सुर्खियां बन रहे हैं। कांग्रेस के नेता प्रेस सम्मेलन करते हैं तो यह बताने के लिए कि उन्होंने तो बस चार उम्मीदवार के नाम दिए थे और पार्टी ने उनमें से एक को भी टिकट नहीं दिया तो फिर क्या फायदा ऐसी पार्टी में रहने का।

फोटो : अरुष चोपड़ा

हरियाणा में लोकसभा चुनावों में जिस अशोक तंवर ने कांग्रेस के लिए लिए सबसे ज्यादा मेहनत की ऐन विधानसभा चुनावों के दौरान वो जननायक जनता पार्टी की पत्रकार वार्ता में दुष्यंत चौटाला के साथ हताश और निराश बैठे थे। जिन तंवर को भाजपा सरकार के खिलाफ हमलावर होना था वो दिल्ली में अपनी ही पार्टी के मुख्यालय के बाहर समर्थकों के साथ प्रदर्शन कर रहे थे। हरियाणा से लेकर केंद्र की राजनीति में कांग्रेस के कद्दावर नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला भी इन दिनों प्रभाव के स्तर पर पर्दे के पीछे ही दिख रहे हैं। अध्यक्ष पद पर राहुल गांधी के इस्तीफे के बाद परिवार से बाहर दूसरा अध्यक्ष नहीं मिलना भी पार्टी की सीमा बता रहा।

केंद्र सरकार ने अपने खतरे उठा कर मजबूत राजनीतिक फैसले किए और अब वह राज्यों में इसका फायदा उठा रही है। लेकिन कांग्रेस के नेता इन मजबूत फैसलों पर इतने कमजोर हैं कि अनुच्छेद 370 पर हुड्डा का रुख अलग तो गुलाम नबी आजाद का रुख अलग रहता है। यही हाल जीएसटी से लेकर तीन तलाक तक के फैसलों पर रहा। कांग्रेस नेताओं के सुर अलग-अलग रहे। कांग्रेस जब इस पर रुख ही नहीं तय कर पा रही है तो मुद्दा कैसे बना पाएगी।

हरियाणा, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने युद्ध स्तर पर अपनी तैयारी शुरू कर दी है लेकिन कांग्रेस नेतृत्व दिल्ली में एक अदद प्रदेश अध्यक्ष भी नहीं दे सका है। इसके पहले भी बुजुर्ग शीला दीक्षित को प्रदेश की कमान सौंपी गई। लेकिन कांग्रेसी नेता ही कहने लगे कि उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए। अब शीला दीक्षित के बेटे पत्र लिख कर कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता को उनकी मौत का जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की दौड़ में कीर्ति आजाद का नाम भी सामने आया है। आजाद को पूर्वांचल के वोटों की खातिर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी के बरक्स लाने की कोशिश की जा रही है। लेकिन दिल्ली की जनता के बीच तिवारी और आजाद के जमीनी आधार में जमीन और आसमान का अंतर है। तिवारी पिछले कई सालों से दिल्ली के लोगों के बीच अथक मेहनत कर रहे हैं। कीर्ति आजाद का नाम सामने आने के बाद कांग्रेस में वरिष्ठता की जंग भी छिड़ गई है। देखते हैं कि कांग्रेस अपने अंदरूनी कलह से निपट कर विधानसभा चुनाव में कब कूदती है।

हरियाणा और महाराष्ट्र के उलट दिल्ली में स्थानीय मुद्दे हावी हैं। अरविंद केजरीवाल की सरकार के मुफ्त बिजली-पानी और मेट्रो-बसों में सफर के खिलाफ आंकड़े जुटाए जा रहे हैं, पलटवार किया जा रहा है। दिल्ली में जबकि चुनाव थोड़े दूर हैं स्थानीय मुद्दों पर घमासान इसलिए मचा है क्योंकि यहां विपक्ष में भाजपा है। भाजपा अभी केंद्र से लेकर ज्यादातर जगहों की सत्ता में है, इसलिए उसके नेताओं और कार्यकर्ताओं में जीत की भूख है। जब विपक्ष में जीत की भूख होगी तभी वह सत्ता पक्ष के खिलाफ हमलावर होगा। अन्य राज्यों में विपक्ष जीत की उम्मीद खो चुका है। ऐसे माहौल में सत्ता पक्ष के नेता दावा कर रहे हैं कि भाजपा चुनाव जीतने और अन्य दल अपनी हैसियत बचाने के लिए मैदान में हैं।

जनता के मुद्दों को उठाने के लिए सड़कों पर आंदोलन करना होता है। कांग्रेस के संगठन का ढांचा ढह चुका है और वह चंद नेताओं और उनके समर्थकों की पार्टी बनकर रह गई है। विकल्प का चेहरा बनने की राह में भी वह बेसाख हो चुकी है।

कांग्रेस और अन्य दलों के जनता से दूर होने का नतीजा है कि हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में विपक्ष की भूमिका भी पक्ष ही निभा रहा है। एजंडा भी वही तय कर रहा है और दोषी भी वही तय कर रहा है। विपक्ष की काहिली का इससे बड़ा सबूत और क्या होगा कि इन चुनावों में सत्ता पक्ष के द्वारा उसे ही सजा देने की बात हो रही है। स्थानीय असफलता, विधायकों और सांसदों की नाकामी को सत्ता पक्ष पीछे धकेलने का ही काम करेगा। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल अपने बीच वृहत्तर एकता ही नहीं बना पा रहे तो वे जनता के बीच कैसे स्वीकृत होंगे? देखना है, विपक्ष इस मरणासन्न अवस्था में कब तक रहता है।

इस विशेष पन्ने पर आपके ढेरों पत्र हमें लगातार मिलते हैं। हर बार मुमकिन नहीं कि सारे पत्रों का हम इस्तेमाल कर पाएं। पर यह तो तय है कि आपके पत्रों से आपकी पसंद और विषयों के चुनाव में हमें मदद मिलती है। इस बार का यह विशेष पन्ना आपको कैसा लगा? आप अपनी राय भेज सकते हैं।
हमारी ई-मेल आइडी है : vishesh.jansatta@expressindia.com

आपके पत्र

चीन की पिघलती दीवारें

'शीर्ष पर संवाद' का चित्रण दोनों देश के मध्य सकारात्मक भविष्य की एक ऐसी पटकथा की परिकल्पना है जो भावुकता की भित्ति पर भव्य प्रासाद सा दिखता है। लेकिन जब अतीत के पन्नों को हम पलटते हैं तो उसमें अविश्वास, धूर्तता, वैमनस्य की अंतहीन घटित घटनाएं हमें चिंतित भी करती हैं और शत्रु के मित्र से निपटने के लिए सावधानी का पाठ भी पढ़ाती हैं। मोदी सरकार ने 2014 से ही एक अथक प्रयास कर चीन की मानसिकता में यह कूट-कूट कर भाव भरने में सफलता पाई है कि 1962 के जटिल पड़ाव से आज भारत पूरी तरह उबरकर संसार के केंद्र में अपनी आभा बिखरने में योग्य सिद्ध हुआ है। इतिहास की घटनाओं में दम है कि कभी पंचशील के पंचामृत से तृप्त हिंदी चीनी भाई-भाई के कृत्रिम शंखनाद को चीन ने प्रतिकूलता के भंवर में ला खड़ा किया था और 1962 के युद्ध की विभीषिका से हम आक्रांत हुए थे। केंद्र की नीतियों का असर है कि चीन की दादागीरी अब आंशिक रूप से विसर्जन की ओर उन्मुख है और बुद्ध के इस देश को अब युद्ध की जगह सिर्फ संवाद से निपटने की वैश्विक मांग है। हां, हमारे वैदेशिक रणनीतिकारों को सावधान रहना होगा कि पाकिस्तान की नापाक हरकतों का समर्थन अब चीन को प्राप्त न हो लेकिन आजाद कश्मीर में चीन का आर्थिक गलियारा निर्माण भारतीय हितों के विरुद्ध तो है ही, जिसे अति सूक्ष्म कूटनीति से निपटना होगा। हांगकांग और तिब्बत के आंतरिक कलह और विद्रोह ने चीन की मजबूत दीवारों में कुछ दरार तो डाली है, लेकिन अरुणाचल पर इसकी कुटिल निगाहें भी हमें सावधानी हेतु प्रेरित करती हैं। हमें पुनर्विचार करना चाहिए कि जो उत्पादकीय सामग्री हम चीन से आयात करते हैं-उसका स्वदेश में निर्माण क्यों नहीं कर सकते? इस संदेश को यदि चीन समझ ले तो उसकी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति का आंशिक पलायन हो सकेगा।

-डॉक्टर अशोक कुमार, पटना।

महाबलीपुरम में महामिलन

शीर्ष संवादों में पाकिस्तान आक्रमणकरियों की भाषा इस्तेमाल कर अपनी छवि विकृत कर चुका है। जबकि युद्ध और आतंक के बोझ से दबी दुनिया देर ही सही पंचशील के भारतीय सिद्धांत पर आगे बढ़ने को तैयार दिखती है। लिहाजा महाबलीपुरम में महामिलन के नतीजों पर नजर रखना बेहद दिलचस्प होगा।

-एमके मिश्रा, मां आनंदमयीनगर, रातू।

आर्थिक गुलामी न स्वीकारे भारत

भारत के गुलाम होने का आधार था ईस्ट इंडिया कंपनी का भारत आना। अगर महात्मा गांधी ने भारतीयों को स्वदेशी के प्रति जागरूक नही किया होता तो आज शायद भारत आजाद भी नही हुआ होता। आज एक बार फिर से भारत विदेशी सामान के मोह में फंसता जा रहा है, खास तौर पर चीन के। इस कारण भारत अपने नापाक पड़ोसी की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर ही रहा, साथ ही अपने देश के घरेलू उद्योग-धंधों की बर्बादी का कारण भी बन रहा। भारत को व्यापार के मामले में दूसरे देशों के साथ इस तरह समझौते करने चाहिए जिससे देश मे रोजगार बढ़े।

-राजेश कुमार चौहान, जलंधर।

नेपाल पर भी रहे नजर

भारत में अपने दो दिवसीय दौरे को खत्म कर चीनी राष्ट्रपति नेपाल गए। उनका नेपाल का यह दौरा भारत के लिए भी अहम है। वर्तमान नेपाल सरकार कहीं न कहीं भारत के पक्ष में नही है। उस पर से भारत-नेपाल के आपसी विवाद जिसमें व्यापार, सीमा विवाद शामिल हैं उसे भी सुलझाया जाना बाकी है। इसके बाद अब चीन का नेपाल के करीब आना भारत के लिए शुभ संकेत नहीं है। चीन ने अपने इस दौरे में दो साल में नेपाल को 35 अरब रुपए देने का वादा किया है। साथ ही 20 समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसपर भारत को अपनी पैनी निगाह रखनी चाहिए ताकि भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए नया मसला खड़ा न हो।

-ज्योति सिंह, कानपुर।

शीर्ष पर संवाद

प्राचीन काल के यूनानी राज्यों एथेंस और स्पार्टा के समय से ही यह बात सिद्ध हो चुकी है कि युद्ध पिपासु देश नष्ट हो जाते हैं। शांति और साहचर्य से रहने वाले देश सांस्कृतिक, साहित्यिक और लालित्य कलाओं में खुद को सर्वोच्च स्थान पर पहुंचा देते हैं। आज इसके ज्वलंत उदाहरण एक ही उपमहाद्वीप के दो टुकड़े बांग्लादेश और पाकिस्तान हैं। इसलिए अपने इतिहास की कड़वी स्मृतियों को इन दोनों महाशक्तिशाली देशों भारत और चीन को मामल्लापुरम में कूड़ेदान में सदा के लिए दफन कर देना चाहिए और भविष्य में किसी को भी कुछ ऐसा नहीं करना चाहिए कि आपसी संबंध फिर से असहज और अविश्वास भरा बन जाए।

-निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश।

राजपाट

करामाती करतार

हरियाणा की धरती लालों यानी देवीलाल, बंसीलाल और भजनलाल के लिए भी मशहूर हुई। पर इसी धरती की शान में मौकापरस्ती के लिए भड़ाना बंधुओं ने भी कम गुल नहीं खिलाए। अवतार सिंह भड़ाना और करतार सिंह भड़ाना दोनों गुर्जर बंधुओं ने साबित कर दिखाया कि जेब भारी हो और जात का समर्थन भी हो तो हर दल गले लगाएगा। शुक्रवार को करतार सिंह भड़ाना का फिर हृदय परिवर्तन हुआ। भाजपा की नीतियों ने ऐसा मोह लिया कि वे बसपा का चोगा उतार भाजपा में शामिल हो गए। अंतरराज्यीय असर वाले हैं तभी तो हर दल पलक पांवड़े बिछाता रहा है। भाई अवतार सिंह भडाना को तो देवीलाल ने 1987 में विधानसभा का सदस्य नहीं होने के बावजूद अपनी सरकार में छह महीने के लिए मंत्री बना दिया था। पर करतार की किस्मत चमकी 1996 में जब बंसीलाल ने अपनी अलग हरियाणा विकास पार्टी बनाई। वे पानीपत की समालखा सीट से हविपा के विधायक चुन लिए गए। उनकी 'प्रतिभा' से प्रभावित हो बंसीलाल ने उन्हें मंत्री भी बना दिया। पर वर्ष 2000 में उन्होंने ही हविपा सरकार के पतन की प्रस्तावना लिखी। इस बार मध्यावधि चुनाव हुआ तो वे ओम प्रकाश चौटाला की पार्टी इनेलोद में चले गए। फिर विधायक बन गए। इसके बाद हरियाणा में दाल गलनी बंद हो गई तो 2012 में यूपी पहुंच गए। अजित सिंह के रालोद से टिकट ले खतौली से विधायक बन गए। पर अगली बार इसी पार्टी से बागपत से हार का मुंह देखना पड़ा। लोकसभा चुनाव हुए तो इस साल रालोद छोड़ बसपा में चले गए और मध्यप्रदेश की मुरैना सीट से चुनाव लड़ भाजपा के नरेंद्र सिंह तोमर से हार गए। चूंकि रसूख की सियासत से संजीवनी लेते हैं सो शुक्रवार को फिर हृदय परिवर्तन हुआ और भाजपा में शामिल हो गए।

हाल-बेहाल

उत्तर प्रदेश में विपक्ष का मनोबल बुरी तरह टूटा हुआ है। इतना रसातल में तो 1984 की कांग्रेस की लोकसभा चुनाव की आंधी के बाद भी नहीं गया था विपक्ष। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए इस चुनाव में अविभाजित उत्तर प्रदेश की 85 में से 83 सीटों पर कांग्रेस भारी अंतर से विजयी हुई थी। चंद्रशेखर, हेमवती नंदन बहुगुणा और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे धुरंधर भी ढेर हो गए थे। लेकिन कुछ दिन बाद ही 1985 में विधानसभा का चुनाव हुआ तो विपक्ष ने अपनी अच्छी उपस्थिति दिखा दी थी। पर 2014 के बाद से यूपी में भाजपा के प्रभुत्व ने ऐसा रंग जमाया कि सपा, बसपा और कांग्रेस तीनों के आगे ही वजूद बचाने का संकट है। विधानसभा में 2017 में सत्ता में वापसी के लिए अखिलेश यादव का कांग्रेस से हाथ मिलाना भी कारगर नहीं हुआ। उसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा और बसपा ने गठबंधन किया तो घबराहट भाजपा को भी हुई। इस गठबंधन से बसपा तो शून्य से दस तक पहुंच गई पर सपा पांच की पांच पर ही अटकी रह गई। मोदी की आंधी का तो असर था ही, सपा के यादव कुनबे की आपसी कलह ने भी कोढ़ में खाज का काम कर दिया। खुद को महागठबंधन में नहीं लिए जाने से कांग्रेस की मिट्टी तो पलीद हुई ही, सपा-बसपा को भी नुकसान ही हुआ। कांग्रेस की तो लाज भी नहीं बच पाई। गढ़ अमेठी में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को बुरी तरह हरा दिया। रायबरेली में भी सोनिया गांधी की जीत का फासला काफी नीचे आ गया। जबकि लोकसभा चुनाव से पहले सूबे में हुए विधानसभा की एक और लोकसभा की तीन सीटों के उपचुनाव में विपक्ष ने एकता का प्रदर्शन कर भाजपा को मात दी थी। इस 21 अक्तूबर को सूबे में विधानसभा की 11 सीटों का उपचुनाव है। भाजपाई सभी सीटों को जीतने का दावा कर रहे हैं। हालांकि 2017 में ये सीटें भाजपा ने ही जीती थीं। तो भी विपक्ष एकजुट रहता तो भाजपा से कुछ सीटें जरूर झटक सकता था। एकता को पलीता सबसे पहले मायावती ने लगाया। लोकसभा चुनाव के नतीजों के फौरन बाद सपा और अखिलेश यादव पर तोहमत लगा उनसे नाता तोड़ लिया। अखिलेश ने फिर भी मर्यादा नहीं तोड़ी। मायावती के बारे में कोई अनुचित टिप्पणी नहीं की। मायावती भूल रही हैं कि जब यूपी में ही उनका कोई आधार नहीं बचेगा और तमाम नेता एक-एक कर भाजपा में चले जाएंगे तो कैसे वे सत्ता का सपना पूरा कर पाएंगी। सभी 11 सीटों पर सपा, बसपा और कांग्रेस के उम्मीदवार लड़ रहे हैं। भाजपा को बिखरा विपक्ष हरा तो क्या पाएगा, अपनी जमानत भी सब जगह बचा ली तो गनीमत होगी।

सब्र की इंतिहा

राजस्थान की गहलोत सरकार अब समर्थन कर रहे निर्दलीय विधायकों के दबाव में है। विधानसभा की दो सीटों के उपचुनाव के नतीजों से भी कांग्रेस सरकार के मनोबल का पता चलेगा। निर्दलीय तो सत्ता में हिस्सेदारी के लिए बेचैन हैं ही, बसपा से कांग्रेस में विलीन हुए आधा दर्जन विधायकों को भी सत्ता की मलाई की दरकार है। दो सौ सदस्यों वाली विधानसभा में अब गहलोत को 105 विधायकों का समर्थन है। उपचुनाव की दो सीटों में से एक भी हाथ लग जाए तो सोने में सुहागा होगा। सरकार बने एक साल होने वाला है। लिहाजा निर्दलियों और पूर्व बसपाइयों के सब्र का बांध टूटने लगा है। सबको मंत्री पद नहीं दे सकते तो निगम या दूसरे समकक्ष ओहदे तो देने ही चाहिए। ज्यादातर निर्दलीय कांग्रेसी अतीत वाले ठहरे। गहलोत की दुविधा अपने पार्टी विधायकों का समायोजन भी है। वे इस तरह तितरफा दबाव में होने के कारण मंत्री मंडल विस्तार की हिम्मत नहीं दिखा पा रहे। निर्दलियों की दलील है कि जब रालोद के इकलौते विधायक सुभाष गर्ग को मंत्री बनाया जा सकता है तो उन्हें क्यों नहीं। फिलहाल तो अफसरों के तबादलों में हस्तक्षेप की छूट और कुछ दूसरे कामों की सिफारिश के अवसर देकर निर्दलियों की मिजाजपुर्शी में सफल रहे हैं। पर इस स्थिति को ज्यादा लंबा नहीं खींच पाएंगे गहलोत। इस मिजाजपुर्शी को देख कांग्रेसी विधायकों को जलन और मलाल दोनों हो रहे हैं कि उनकी कोई पूछ नहीं। उनसे तो निर्दलीय ही अच्छे।

(प्रस्तुति : अनिल बंसल)

शाह ने राहुल से पूछा, आदिवासियों के लिए आपके परिवार ने क्या किया

गढ़चिरौली, 18 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आदिवासी कल्याण के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा कि उनकी चार पीढ़ियों ने 70 साल के शासन के दौरान जनजातीय समुदाय के लिए क्या किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को अगले पांच साल में नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाएगा। पूर्वी महाराष्ट्र के माओवाद प्रभावित गढ़चिरौली के अहेरी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस नीत सरकारों ने वोट-बैंक की राजनीति के लिए संविधान के अनुच्छेद 370 को समाप्त नहीं किया। अंततः मोदी सरकार ने इस विवादास्पद प्रावधान को समाप्त किया जिसके तहत जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा मिला हुआ था।

शाह ने आदिवासी बहुल जिले में आयोजित रैली में राहुल गांधी के लिए सवाल किया, 'आपकी चार पीढ़ियों ने 70 साल तक देश पर शासन किया, आपने आदिवासियों के लिए क्या किया? आपने मोदीजी को केवल पांच साल दिए और हमने इस दौरान समुदाय के लिए बहुत काम किया।' भाजपा अध्यक्ष ने गांधी और राकांपा अध्यक्ष शरद पवार पर निशाना साधते हुए उनसे जिले में तथा महाराष्ट्र में किए गए उनके कामकाज का हिसाब देने को कहा, जहां 1999 से 2014 तक 15 साल तक कांग्रेस-राकांपा सरकार रही।

उन्होंने 78 वर्षीय पवार को इस मुद्दे पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की अध्यक्ष से बहस करने की चुनौती दी कि किसकी सरकार ने क्या काम किया है। शाह ने कहा, 'हमारे पांच साल का काम आपके 50 साल के शासन से बेहतर साबित होगा। हम बहस के लिए तैयार हैं।' उन्होंने कहा कि केंद्र में कांग्रेस-राकांपा की सरकारों ने महाराष्ट्र को 13वें वित्त आयोग के तहत 1.15 लाख करोड़ रुपए दिए। दूसरी तरफ मोदी सरकार ने 14वें वित्त आयोग के तहत राज्य को 4.38 लाख करोड़ रुपए दिए।

गढ़चिरौली जिले के नक्सल प्रभावित होने के संदर्भ में शाह ने कहा कि पहले प्रचार किया जाता था कि नक्सलवाद की मुख्य वजह विकास नहीं होना है। हालांकि हकीकत में माओवादी विकास के विरोधी हैं। शाह ने कहा कि सरकार नक्सल प्रभावित इलाकों में बिजली, अच्छी सड़कें, रेल सेवाएं और अन्य सुविधाएं पहुंचाना चाहती है, लेकिन नक्सली यह नहीं होने देना चाहते। उन्होंने कहा, 'किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। मोदीजी ने पिछले पांच साल में नक्सलवाद पर लगाम कसी है। हम इस पूरे क्षेत्र को नक्सलवाद से मुक्त कराएंगे और ऐसा माहौल बनाएंगे कि यहां के नौजवान बाकी दुनिया के युवाओं से स्पर्धा कर सकेंगे।' भाजपा अध्यक्ष ने महाराष्ट्र और कश्मीर की बात एक साथ करने का विरोध किये जाने पर कांग्रेस-राकांपा निशाना साधा और कहा, 'राहुल बाबा इतिहास पढ़ो। यह शिवाजी महाराज और सावरकर की सरकार है। इस भूमि के सपूत कभी देश की हिफाजत से पीछे नहीं हटे।'

पहलू खान मामले में हाई कोर्ट पहुंची राजस्थान सरकार

जयपुर, 18 अक्तूबर (भाषा)।

राजस्थान सरकार ने पहलू खान की २२हत्या मामले में अलवर की एक अदालत के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। अदालत ने इस मामले में सभी छह आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था। अलवर के बहरोड़ में एक अप्रैल, 2017 को कुछ लोगों ने गो तस्करी के संदेह में पहलू खान और उनके बेटे की बुरी तरह पिटाई की थी। पहलू खान की तीन अप्रैल को अलवर के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। अतिरिक्त महाधिवक्ता आरपी सिंह ने बताया कि सरकार की ओर से राजस्थान हाई कोर्ट में अपील सोमवार को दायर की गई।

अलवर की अदालता ने मामले में शामिल सभी छह आरोपियों विपिन यादव, रविंद्र कुमार, कालूराम, दयानंद, योगेश कुमार और भीम राठी को संदेह का लाभ देते हुए 14 अगस्त, 2019 को बरी कर दिया था। अगस्त में निचली अदालत के फैसले के बाद राज्य सरकार ने जांच में त्रुटियों और अनियमितताओं की पहचान करने और व्यक्तिगत अधिकारियों पर जांच को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी तय करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन किया था।

भूख से लड़ने के लिए सामुदायिक भोजनालय के पक्ष में न्यायालय

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (भाषा)।

तेल कंपनियों ने एअर इंडिया की ईंधन आपूर्ति रोकने का फैसला टाला

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (भाषा)।

एअर इंडिया के ईंधन बकाया को निपटाने के लिए नियमित भुगतान के वादे के बाद सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार को उसकी ईंधन आपूर्ति रोकने का फैसला टाल दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। तीन सरकारी तेल कंपनी इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने एअर इंडिया को भुगतान ना करने की स्थिति में 18 अक्तूबर से छह हवाई अड्डों पर उसे ईंधन आपूर्ति रोकने की चेतावनी दी थी। इसकी वजह एअर इंडिया पर तीन कंपनियों का 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का ईंधन भुगतान बकाया होना है।

अधिकारियों ने कहा कि एअर इंडिया ने पत्र लिख कर उसकी ईंधन आपूर्ति ना रोकने का अनुरोध किया और नियमित भुगतान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद ईंधन आपूर्ति रोकने के फैसले को टाल दिया गया है।

सरकार ने एकल इस्तेमाल प्लास्टिक के विकल्प के लिए प्रतियोगिता शुरू की

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (भाषा)।

सरकार ने स्टार्टअप के लिए एकबार उपयोग वाले प्लास्टिक का विकल्प पेश करने के लिए एक प्रतियोगिता शुरू की है। इसमें पहले विजेता को हरेक समस्या के समाधान पर तीन लाख रुपए मिलेंगे। दूसरे विजेता को दो लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उद्योग व आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग (डीपीआइआइटी) ने कहा-एक बार इस्तेमाल वाले प्लास्टिक को लेकर बड़ी चुनौती का लक्ष्य रखे जाने का मकसद नवोन्मेषकों और स्टार्टअप को इसके समाधान के लिए डिजाइन विकसित करने को प्रोत्साहित करना है। डीपीआइआइटी ने कहा कि इस चुनौती में सभी स्टार्टअप भाग ले सकते हैं।

मेक्सिको से प्रत्यर्पित 311 भारतीय स्वदेश लौटे

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (भाषा)।

अमेरिका में चोरी छिपे प्रवेश करने के लिए अवैध रूप से मेक्सिको पहुंचे 300 से अधिक भारतीय नागरिक वहां से प्रत्यर्पित होकर शुक्रवार की सुबह यहां पहुंचे। इसके साथ ही अमेरिका में बेहतर जीवन और नौकरी की आशा को लेकर वहां पहुंचे लोगों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। अधिकारियों ने कहा कि चार्टर्ड विमान से एक महिला सहित 311 भारतीयों को वापस भेजा गया और उनके साथ मेक्सिको के 74 अधिकारी भी आए हैं।

अपने सपने को पूरा करने के लिए जंगलों में भटकने और लाखों रुपए खर्च करने के बावजूद वे लौट आए हैं। प्रत्यर्पित होकर लौटे जशनप्रीत सिंह ने कहा, 'हम सुबह पांच बजे पहुंचे और औपचारिकताएं पूरी करने में कई घंटे लग गए। हम दोपहर करीब एक बजे हवाई अड्डे से बाहर निकल सके।' प्रत्यर्पित होकर लौटने वालों में अधिकतर पंजाब और हरियाणा के रहने वाले हैं।

मेक्सिको नेशनल माइग्रेशन इंस्टीट्यूट (आइएनएम) ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भारतीय नागरिकों को तोलुका सिटी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से बोइंग 747 विमान से नई दिल्ली भेजा गया। इन भारतीयों के पास स्थायी निवास की व्यवस्था नहीं थी।

लौटने वालों में 19 वर्षीय मनदीप सिंह भी है जिसने सेना प्रवेश परीक्षा में विफल रहने के बाद जून में ही पटियाला छोड़ दिया था।
स्कूल पास करने के बाद अमेरिका जाने के सपने के साथ घर छोड़ने वाले मनदीप ने कहा कि वह सात देशों से गुजरा। वह सबसे पहले इक्वेडोर पहुंचा और अंतिम बार मेक्सिको। उसने दावा किया कि उसने अपने एजंट को 20 लाख रुपए का भुगतान किया। अपने बुरे अनुभव बताते हुए मनदीप ने कहा कि वह नौ मई को भारत से रवाना हुआ और इक्वेडोर पहुंचा। उसने कहा, 'वहां से मैं कोलंबिया पहुंचा और फिर पनामा। हमने पनामा में सात दिन गुजारे जहां घने जंगलों और अन्य क्षेत्रों में भटकते रहे। निकारागुआ में हम तीन घंटे जंगल से गुजरे जहां कांटे ही कांटे थे। जंगलों से गुजरने के बाद पुलिस ने हमें पकड़ लिया और एक बस में होंडुरास भेज दिया।' मनदीप ने कहा कि पनामा के जंगलों से गुजरते हुए उसने कई लाशें देखीं जो संभवतः उसके जैसे लोगों की थी जो अमेरिका जाना चाहते थे। उसने कहा कि 12 सितंबर को वे मेक्सिको पहुंचे और भारत प्रत्यर्पित होने से पहले वहां करीब 34 दिन रहे।

उसने कहा, 'हम अमेरिका की सीमा से महज 800 किलोमीटर दूर थे जब मेक्सिको के अधिकारियों ने हमें पकड़ लिया और प्रत्यर्पित कर दिया। यात्रा भयावह थी और मैं कभी वापस नहीं जाऊंगा। जलंधर की रहने वाली एकमात्र प्रत्यर्पित महिला कमलजीत कौर (34) ने कहा कि पति और बेटे के साथ अमेरिका पहुंचने के लिए उसने 53 लाख रुपए खर्च कर दिए। तीस वर्षीय सुरेंद्र ने कहा कि यात्रा ज्यादा कठिन नहीं थी बल्कि शरणार्थी शिविर में रहना ज्यादा कठिन था। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न देशों के करीब छह हजार से सात हजार लोग थे। शिविर की हालत दयनीय थी। दिन में केवल एक बार पानी की आपूर्ति होती थी और चिकित्सा की पर्याप्त सुविधा नहीं थी। वे हर रोगी को एक ही दवा देते थे चाहे जो भी बीमारी हो। शिविर में काफी कम मात्रा में शाकाहारी भोजन दिया जाता था और मुख्यतः गोमांस परोसा जाता था।

बौद्ध स्तूप के अपमान के आरोप में भारतीय पर्यटक हिरासत में

थिम्पू, 18 अक्तूबर (भाषा)।

भूटान पुलिस ने एक स्तूप के कथित अपमान के लिए एक भारतीय पर्यटक को हिरासत में लिया है। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

एक खबर के मुताबिक महाराष्ट्र का रहने वाला अभिजीत रतन हजारे भूटान की यात्रा कर रहे एक समूह का हिस्सा था। इसका नेतृत्व भूटानी नागरिक कर रहा था। एक समाचार संस्था द्वारा ट्वीटर पर साझा तस्वीरों और वीडियो में हजारे स्तूप की चोटी पर खड़ा हुआ है जबकि स्तूप की मरम्मत कर रहा दूसरा व्यक्ति जांबे उस पर पर बैठा हुआ दिख रहा है।

खबर के मुताबिक अपमान की यह घटना गुरुवार को हुई जब 15 मोटरसाइकिलों पर आए पर्यटक दोचुला में आराम कर रहे थे जबकि पर्यटकों के समूह का नेता मोटरसाइकिलों की पार्किंग की व्यवस्था का प्रयास कर रहा था।

वह इस घटना से अंजान था। पुलिस ने हजारे का पासपोर्ट लेकर शुक्रवार को उसे पूछताछ के लिए बुलाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं जांबे की तलाश जारी है।

भारत सबसे तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था : सीतारमण

वाशिंगटन, 18 अक्तूबर (भाषा)।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत विश्व की सर्वाधिक तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसे और तेजी से विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सीतारमण ने गुरुवार को भारतीय संवाददाताओं के समूह से कहा कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने भले ही भारत की विकास दर का अनुमान घटा दिया है लेकिन देश की अर्थव्यवस्था 'अब भी सबसे तेजी से विकास कर रही' है। वह यहां आइएमएफ और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने आई हैं।

सीतारमण ने कहा कि हालांकि आइएमएफ की ताजा रिपोर्ट में भारत और चीन दोनों की विकास दर 6.1 फीसद रहने का अनुमान जताया गया है, लेकिन वह निश्चित ही चीन के साथ तुलना नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, 'आइएमएफ ने (अपने हालिया अनुमान में) विश्व की सभी अर्थव्यवस्थाओं के लिए विकास दर कम कर दी है। इसने भारत के लिए विकास अनुमान कम कर दिया है। इसके बावजूद भारत अब भी सबसे तेजी से विकास करती अर्थव्यवस्था के तौर पर आगे बढ़ रहा है।' आइएमएफ ने मंगलवार को जारी अपनी नवीनतम विश्व आर्थिक परिदृश्य रपट में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 2019 में 6.1 फीसद रहने का अनुमान जताया है हालांकि उसे उम्मीद है कि 2020 में इसमें सुधार होगा और तब देश की आर्थिक वृद्धि दर सात फीसद रह सकती है।

यह (2019 की दर) 2018 में भारत की वास्तविक आर्थिक वृद्धि दर 6.8 फीसद से भी कम है। सीतारमण ने कहा कि जो कुछ भी कहा जा रहा है, इसके बावजूद 'इस बात को नजरअंदाज नहीं' किया जा सकता है कि भारत वैश्विक परिदृश्य में अब भी 'सबसे तेजी से विकास' कर रहा है।

चीन की तीसरी तिमाही की वृद्धि दर 27 साल के सबसे निचले स्तर पर

बेजिंग, 18 अक्तूबर (एएफपी)।

चीन की अर्थव्यवस्था की रफ्तार 2019 की तीसरी तिमाही में करीब तीन दशक के निचले स्तर पर आ गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार जुलाई-सितंबर में चीन की आर्थिक वृद्धि दर छह फीसद रही। इससे पिछली तिमाही अप्रैल-जून में चीन की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 6.2 फीसद थी।

चीन की वृद्धि दर में कमी की प्रमुख वजह अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध का जारी रहना और घरेलू मांग का नरम पड़ना है। यह वृद्धि दर 1992 के बाद चीन का सबसे खराब तिमाही आंकड़ा है। हालांकि यह सरकार के 2019 में आर्थिक वृद्धि दर 6 से 6.5 प्रतिशत रखने के लक्ष्य के दायरे में है। वर्ष 2018 में चीन की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 फीसद थी।

ब्यूरो के प्रवक्ता माओ शेंगयांग ने कहा, 'राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कुल मिलाकर शुरुआती तीन तिमाहियों में स्थिरता देखी गई है।' उन्होंने कहा कि हालांकि हमें घरेलू और वैश्विक दोनों मोर्चों पर गंभीर आर्थिक हालातों के प्रति सजग रहना होगा।

कश्मीरी पंडितों ने घाटी की हकीकत बताई अमेरिकी सांसदों को

वाशिंगटन, 18 अक्तूबर (भाषा)।

दक्षिण एशिया में मानवाधिकारों की स्थिति पर अगले सप्ताह होने वाली कांग्रेस की सुनवाई के पहले अमेरिका के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले कश्मीरी पंडितों ने अमेरिकी सांसदों और उनके सहयोगियों को घाटी की हकीकत और पिछले कुछ दशकों से उनके अधिकारों के उल्लंघन के बारे में बताया।

भारतवंशी सांसद रो खन्ना, सांसद माइक थॉम्पसन, जो लोफग्रेन, मार्क डेसूलनीर और डोरिस मतसुई के साथ ही सदन की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष एलिअट इंगेल बुधवार को कैपिटोल हिल में कांग्रेस की सुनवाई में उपस्थित हुए।

महिला सांसद एन्ना इशू ने अपने शुभारंभ संबोधन में जोर दिया कि दुनिया में दो बड़े लोकतांत्रिक देशों भारत और अमेरिका को लोकतंत्र को मजबूत करने की जरूरत है।

इंडो अमेरिकन कम्युनिटी फेडरेशन ने कश्मीरी ओवरसीज एसोसिएशन (केओए) और यूएस-इंडिया पॉलिटिकल एक्शन कमेटी (यूएसआइएनपीएसी) के साथ 'कश्मीर आगे का रास्ता' कार्यक्रम का आयोजन किया।

विदेश मामलों की सदन की समिति की एशिया प्रशांत और अप्रसार उपसमिति 22 अक्तूबर को कश्मीर और दक्षिण एशिया के अन्य हिस्सों में मानवाधिकार पर सुनवाई करने वाली है ।

केओए के अध्यक्ष शकुन मलिक ने कश्मीरी पंडितों की दशा और अनुच्छेद 370 तथा 35 ए की वजह से समाज के कमजोर तबकों, अल्पसंख्यकों, कश्मीरी महिलाओं के साथ हुए भेदभाव के बारे में चर्चा की। सरकार ने पांच अगस्त को जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म करते हुए इसे दो केंद्रशासित प्रदेशों में बांटने का निर्णय लिया था ।

कार्यक्रम की मेजबानी करने वाले कैलिफोर्निया के जीवन जुत्शी ने कहा कि कश्मीर के लिए आगे का रास्ता यह सुनिश्चितत करना है कि कश्मीर में सभी धर्म के लोग शांति के साथ रह सकें। आयोजन के दौरान एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें कश्मीर में धीरे धीरे सामान्य होते हालात का वर्णन किया गया है ।

मस्जिद में हुए धमाके में 28 लोगों की मौत

जलालाबाद, 18 अक्तूबर (एएफपी)।

अफगानिस्तान में शुक्रवार को मस्जिद में नमाज के दौरान हुए धमाके में कम से 28 नमाजियों की मौत हो गई जबकि अन्य कई घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। धमाका संयुक्त राष्ट्र के उस बयान के एक दिन बाद हुआ जिसमें कहा गया था कि देश में हिंसा अस्वीकार्य स्तर पर पहुंच गई है।

प्रांतीय राज्यपाल के प्रवक्ता ने बताया कि पूर्वी नंगरहार प्रांत के हस्का मीना जिले में धमाके की वजह से मस्जिद की छत ध्वस्त हो गई और इस घटना में कम से कम 55 लोग घायल हुए हैं। तत्काल किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन तालिबान और इस्लामिक स्टेट दोनों ही नंगरहार प्रांत में सक्रिय है।

ट्रंप ने की ऊर्जा मंत्री रिक पेरी के इस्तीफे की घोषणा

फोर्ट वर्थ, 18 अक्तूबर (एएफपी)।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बताया कि अमेरिकी ऊर्जा मंत्री रिक पेरी इस्तीफा दे रहे हैं। ट्रंप ने गुरुवार को कहा, 'रिक ने ऊर्जा मंत्री के तौर पर अच्छा काम किया है लेकिन तीन साल लंबा समय होता है। अब हमारे पास उनका विकल्प है।' उल्लेखनीय है कि पेरी ने एक साक्षात्कार में कहा था कि उन्होंने ट्रंप के आदेश पर अमेरिका के राष्ट्रपति के निजी वकील रुडी गुइलियानी से यूक्रेन में कथित भ्रष्टाचार के बारे में बातचीत की थी। ट्रंप ने पेरी को हटाने की घोषणा इस साक्षात्कार के प्रकाशन के एक दिन बाद की।

ट्रंप पर 2020 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति पर अपने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ जांच का दबाव बनाने को लेकर महाभियोग की जांच चल रही है। ट्रंप ने कहा कि पेरी ने कुछ महीनों पहले ही इस्तीफे की पेशकश की थी और इस वर्ष के अंत तक वह पद छोड़ देंगे।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 व 9 के अधिनियम, 2002 के तहत ई-नीलामी विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना
प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों का तथा विशेष रूप से ऋणी(ओं)/गारन्टर(ओं) उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **सांकेतिक/भौतिक (विवरण नीचे उल्लिखित) कब्जा** प्रतिभूति लेनदार के **प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक** द्वारा लिया गया है, को "जहां है, जैसी है और जो कुछ भी है" के आधार पर **पंजाब नैशनल बैंक नीचे उल्लिखित ऋणी** ऋणी(ओं)/गारन्टर(ओं) की बकाया राशि की वसूली हेतु **दिनांक 05.11.2019** को बेची जायेगी।
प्रत्येक सपत्ति का रिजर्व मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी विवरण नीचे उल्लिखित है, तथा संपत्तियों का ज्ञात प्रभार का संक्षिप्त विवरण, यदि को हो, के रूप में नीचे उल्लेख किया गया है।
नीलामी प्रक्रिया को किसी भी स्थिति में बिना कारण बताये निरस्त/निलम्बित करने का अधिकार बैंक के पास सुरक्षित रहेगा। उपयुक्त मामलों में बैंक खुद सम्पत्ति खरीदने हेतु बोली लगाने को स्वतंत्र है।

क्रं. सं.	ऋणी एवं शाखा का नाम	मांग नोटिस की तिथि एवं बकाया राशि का विवरण	बंधक सम्पत्तियों का विवरण	कब्जे का प्रकार (भौतिक/सांकेतिक)	रिजर्व मूल्य / अर्नेस्ट मनी (EMD) / न्यूनतम बोली की वृद्धि	ईएमडी जमा के अंतिम तिथि	खाते का विवरण जिसमें ईएमडी आरटीजीएस/एनईएफी जमा की जायेगी एवं आईएफएससी कोड	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
1.	**शाखा : तिलक रोड, देहरादून** **ऋणी/बंधककर्ता: मैसर्स भूपेश कुमार शिक्षण एवम् विकास संस्थान, अध्यक्ष** श्री भूपेश कुमार पुत्र श्री ओम्ना नाथ, **पता 1:** ल्यूसेंट इंटरनेशनल स्कूल, मंडुवाला (कोठारी), सुधोवाला, वाया प्रेम नगर, देहरादून-248007, उत्तराखंड, **पता 2:** गुरुकुल ट्टोरियल एंड हॉस्टल्स, सेवा कलो, माजरा चौक, वेस्ट कैनाल रोड, देहरादून-248001, **पता 3:** रोड नं0 138, राजेंद्र नगर, पटना-800016, **पता 4:** अम्बारपुर पोस्ट तेलवाड़ा पी.एस. सिंधवाड़ा जिला दरभंगा (बिहार)	25.03.2019 रु0 6,89,27,699.73 + ब्याज एवं अन्य खर्चे दिनांक 01.02.2019 से	भूमि व भवन सम्मलित खसरा न0 1053, माप 0.401 हेक्टेयर, 1056 माप 0.445 हेक्टेयर, 1057 माप 0.308 हेक्टेयर, 1967, माप 0.531 हेक्टेयर व 1968 माप 0.426 हेक्टेयर (नया खसरा न0 628, 629, 718ka 630, 631, 719 व 720), निहित स्कूल भवन, हॉस्टल कैम्पस, गार्ड रूम आदि, मौजा कसमवला डोंडा परगना पछवा दून, तहसील विकास नगर, जिला देहरादून, विक्रय विलेख विधिवत पंजीकृत कार्यालय सब रजिस्ट्रार विकास नगर, जिला देहरादून, बुक न0 01, वॉल्यूम न0 633, पेज 129, एडीएफ बुक न0 01, वॉल्यूम 1376, पेज 257 से 272, क्रमांक संख्या 2917 दिनांकित 04.05.2010, सीमायें: उत्तर: अन्य की सम्पत्ति, दक्षिण: अन्य की सम्पत्ति, पूर्व: रोड, पश्चिम: अन्य की सम्पत्ति	सांकेतिक	रू0 1031.00 लाख / रू0 103.10 लाख / रू0 10.00 लाख	**04.11.2019** सायं 05:00 बजे तक	पंजाब नैशनल बैंक खाता संख्या 1087003171160 (आईएफएससी कोड: PUNB0108700)	**05.11.2019** सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक

गारन्टर्स: 1. श्री उमेश दूबे पुत्र श्री महावीर दूबे, पता: ग्राम मधोपुर पोस्ट जकौली पी.एस. बहेड़ा दरभंगा (बिहार) -800016, **2. श्री ललित कुमार** पुत्र श्री ठाकुर लाल, पता: ग्राम मधोपुर पोस्ट जकौली पी.एस. बहेड़ा दरभंगा (बिहार) 800016

ऋणी(ओं) एवं गारंटर(ओं) प्रत्याभूति-दाता को सूचित किया जाता है कि सरफेसी एक्ट 2002 के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8(6) के अन्तर्गत 15 दिन का वैधानिक बिक्री नोटिस माना जायें।

ई-नीलामी के लिये नियम व शर्तें : विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी के लिये आप वेब साईट **www.pnbindia.biz, www.pnbindia.in, www.tenders.gov.in** पर लॉगिन कर सकते हैं या नियम व शर्तों की प्रतिलिपि हमारे कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस पर प्राप्त कर सकते हैं।
ऋणियों/गारंटी दाताओं को सूचना दी जाती है कि डिमांड नोटिस के अनुसार समस्त राशि (ब्याज एवं अन्य खर्चा सहित) नीलामी की तारीख से पहले जमा कर दें। ऐसा न करने पर सम्पत्ति की नीलामी कर दी जायेगी और बची हुई राशि, यदि कोई है, ब्याज एवं खर्चा सहित वसूल की जायेगी।

दिनांक- 18.10.2019 स्थान - देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

ऑस्कर ग्लोबल लिमिटेड
CIN-L51909DL1990PLC041701
पंजी. कार्यालयः 1/22, दूसरातल, आसफ अली रोड, नई दिल्ली-110002
Website: www.oscar-global.net
Email: oscar@oscar-global.com

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन ऊपेक्षा) विनियमन, 2015 के विनियमन 47 के साथ पठित विनियमन 29 के अनुपालन में एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बुधवार, 30 अक्टूबर, 2019 को आयोजित की जायेगी जिसमें अन्य विषयों के साथ 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही के अनंकेक्षित स्टैंडएलॉन वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किये जाएंगे।
उक्त जानकारी कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.oscarglobal.com तथा बीएसई लि. की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

ऑस्कर ग्लोबल लिमिटेड के लिये
हस्ता.
(पवन चढ़ा)
पूर्ण कालिक निदेशक एवं सीएफओ
DIN: 00415795
स्थानः नोएडा
तिथिः 18.10.2019

रौनक ईपीसी इंटरनेशनल लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 20 कि.मी. मथुरा रोड, पो. ओ. अमर नगर, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
दूरभाषः +91 (129) 4288888, फैक्सः +91 (129) 4288822-23
ई-मेलः info@raunaqintl.com वेबसाइटः www.raunaqinternational.com
सीआईएनः L51909HR1965PLC034315

कम्पनी सूचना

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) अधिनियम, 2015 ("एलओडीआर अधिनियम") के अधिनियम 47(1)(अ) के साथ पठित अधिनियम 29 के प्रावधानों के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि एलओडीआर अधिनियम के अधिनियम 33 के अनुसार कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक बुधवार, 13 नवम्बर, 2019 को 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही के एकल एवं समेकित अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा स्वीकृति हेतु आयोजित की जाएगी।

कृते **रौनक ईपीसी इंटरनेशनल लिमिटेड**
हस्ता/-
संचित कंवर
संयुक्त प्रबंध निदेशक
स्थानः फरीदाबाद
तिथिः 18.10.2019

भारत गीयर्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः 20 कि.मी. मथुरा रोड, पो. ओ. अमर नगर, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा)
दूरभाषः +91 (129) 4288888, फैक्सः +91 (129) 4288822-23, वेबसाइटः www.bharatgears.com
ई-मेलः info@bglindia.com, सीआईएनः L29130HR1971PLC034365

कम्पनी सूचना

सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) अधिनियम, 2015 ("एलओडीआर अधिनियम") के अधिनियम 47(1)(अ) के साथ पठित अधिनियम 29 के प्रावधानों के संदर्भ में सूचित किया जाता है कि एलओडीआर अधिनियम के अधिनियम 33 के अनुसार कम्पनी के निदेशक मण्डल की बैठक गुरूवार, 14 नवम्बर, 2019 को 30 सितम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही के अनअंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा स्वीकृति हेतु आयोजित की जाएगी।

कृते **भारत गीयर्स लिमिटेड**
हस्ता/-
प्रशांत खत्री
प्रमुख (विधि) एवं कम्पनी सचिव
स्थानः फरीदाबाद
तिथिः 18.10.2019

HGI FINANCE & LEASING LIMITED
Regd. Office: 1512A, Chiranjiv Tower, 43, Nehru Place, New Delhi-110019
Phone No.: (011) 26215136, 40167008, E-Mail: hgigroup@yahoo.co.in, CIN: L74899DL1992PLC050909

NOTICE TO MEMBERS

Notice is hereby given to the Members that the Company has completed the dispatch of postal ballot notice Under Section 110 of the Companies Act, 2013 read with Rule 22 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, along with postal ballot form and self addressed pre paid postage envelope on 18th October, 2019 through courier to the members whose names appear in the register of members as on Friday, 11th October, 2019 ("Cut-off date") in relation to resolution for seeking approval of the shareholders for the proposed voluntary delisting of the equity shares of the company from the Calcutta Stock Exchange Limited in accordance with the provisions of the Securities and Exchange Board of India (Delisting of Equity Shares) Regulations, 2009 including the (Amendment) Regulations, 2019 and applicable law ("the proposed resolution") by postal ballot including e-voting by electronic means.
As required by Regulation 44 of SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company has engaged the services of National Securities Depository Limited to provide e-voting facility to the members of the Company.
The Voting through Postal Ballot, including E-voting would commence on 20th October, 2019. The Notice and Postal Ballot Form is also available on the website of the company viz., **www.hgifinance.com** or on the website of NSDL viz., **www.evoting.nsdl.com**.
The Board of Directors of the Company has Appointed MR. RAHUL JAIN, Practicing Chartered Accountant as "SCRUTINIZER" for conducting the Postal Ballot in a fair and transparent manner. The members are requested to note that the physical Postal Ballot form duly completed and signed should be reached to the Scrutinizer on or before Monday, 18th November 2019 by 5:00 P.M.
The Voting facility shall be available from Sunday, 20th October, 2019 from 9:00 A.M. to Monday, 18th November, 2019 till 05:00 P.M. All Postal Ballot Forms/ electronic votes received after the said date will be treated as reply from such member has not been received. In case a member votes through E-Voting facility as well as send his vote through physical vote, the vote cast through E-voting shall only be considered by the Scrutinizer.
The result of the Postal Ballot shall be announced on Tuesday, 19th November, 2019 at the registered office of the company. The results declared along with the Scrutinizer's Report will be available on the Company's website viz., **www.hgifinance.com** and shall also be communicated to Calcutta Stock Exchange Limited where the shares of the company are listed. For and query regarding the voting by Postal Ballot including E-voting, please sent an e-mail at: **hgigroup@yahoo.co.in**

By Order of the Board
For HGI Finance & Leasing Limited
Sd/-
S. K. Rajgarhia
Director
DIN: 00516851
Place : New Delhi
Date : 18.10.2019

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय
रंगमंडल
(संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्तशासी संस्था)

पहला सत्याग्रही
लेखकः रविन्द्र त्रिपाठी
निर्देशनः प्रो. सुरेश शर्मा
18, 19 एवं 20 अक्टूबर, 2019 सायं 6.30 बजे
अतिरिक्त प्रदर्शन 19 एवं 20 अक्टूबर 2019 सायं 3.30 बजे
सम्मुख सभागार
बहावलपुर हाउस, भगवानदास रोड,
नई दिल्ली-110001

टिकट (रु.50/-) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, रंगमंडल, बहावलपुर हाउस, भगवानदास रोड, नई दिल्ली से दिनांक 16 अक्टूबर, 2019 से सभी कार्य दिवसों में प्रातः 11 से 1 बजे तथा दोपहर 2 से 4 बजे तथा उपलब्ध होने पर एक घंटा पूर्व प्रेक्षागृह से प्राप्त किए जा सकते हैं। 8 वर्ष से कम आयु के बच्चों का प्रवेश निषेध है।

पूछताछः 011-23383420, 23031105

davp09130/11/0036/1920

बैंक ऑफ महाराष्ट्र Bank of Maharashtra एक परिवार एक बैंक
एस एल बी सी, महाराष्ट्र :
संयोजक - बैंक ऑफ महाराष्ट्र
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, 1501,
शिवाजीनगर, पुणे 411005.

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के सम्मानीय ग्राहकों और सामान्य जनता को सूचित किया जाता है कि आईबीए के दिशानिर्देशों के अनुसार महाराष्ट्र राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की सभी शाखाओं के लिए पूर्व निर्धारित तीन टाइम-सेट के अनुसार **शुक्रवार, 01/11/2019** से एकसमान बैंकिंग समय का कार्यान्वयन किया जाना है। जिलावार, बैंक शाखावार ब्यौरे हमारे बैंक की वेबसाइट <<**https://www.bankofmaharashtra.in /miscellaneous** >> पर उपलब्ध है। कृपया परिवर्तन को नोट करें।

संयोजक, एस एल बी सी, महाराष्ट्र

सार्वजनिक सूचना

एतदद्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैसर्स एसआईईएल लिमिटेड, 5वां तल, कीर्ति महल, 19 राजेंद्रा प्लेस, नई दिल्ली और मैसर्स डीएलएफ कामर्शियल डेवलपर्स लिमिटेड, डीएलएफ सेंटर, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110 001 के मध्य हुआ मूल शेयर क्रय समझौता गुम/लापता/कंपनी के रिकार्ड में उपलब्ध नहीं है जिसके लिये अधोहस्ताक्षरी ने पुलिस थाना: अपराध शाखा, दिल्ली में एलआर न. 1743484 दिनांक 17.10.2019 के तहत गुमशुदगी रिपोर्ट भी दर्ज करा दी है।

कोई भी व्यक्ति, जिसे उपर्युक्त मूल दस्तावेज प्राप्त होता है, से अनुरोध है कि इसका दुरुपयोग/नष्ट न करें बल्कि अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करें अथवा व्यक्तिगत तौर पर इसे अधोहस्ताक्षरी को डीएलएफ होम डेवलपर्स लिमि., डीएलएफ सेंटर, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को लौटाएं।

कृते **डीएलएफ होम डेवलपर्स लिमिटेड**
हस्ता/-
(मनीष कुमार)
अधिकृत हस्ताक्षरी
मोबाइल न. 98181-55127
ई-मेल आईडी: **kumar-manish@dlf.in**
स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 18.10.2019

punjab national bank
शाखा कार्यालय: एनएसआईसी बिल्डिंग, ओखला इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, नई दिल्ली- 110020

नियम 8 (1) कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, पंजाब नैशनल बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 8 व 9 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में **एक डिमाण्ड नोटिस दिनांक 01.09.2018 को ऋणी मैसर्स एस. एस. के. एन्टरप्राईजेज प्रोप- श्री सोमवीर सिंह, डब्ल्यू जेड - 144ए, संत ग्रह, तिलक नगर, नई दिल्ली- 110018 को नोटिस में उल्लेखित राशि रु. 1,24,23,510.60 (अक्षरे रुपये एक करोड़ चौबीस लाख तेइस हजार पॉच सौ दस एवं साठ पैसे मात्र)** दिनांक 30.09.2017 तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि का भुगतान 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनाक से लौटाने के लिये निर्गमित किया।
ऋणी के राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणी एवं जन सामान्य को एतद द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 8 एवं 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 14 अक्टूबर 2019** को ग्रहण कर लिया है।
ऋणी एवं जमानती को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार रु. **1,24,23,510.60 (अक्षरे एक करोड़ चौबीस लाख तेइस हजार पॉच सौ दस एवं साठ पैसे मात्र) दिनांक 30.09.2017** तक व अनुबन्ध की दर से भविष्य का लागु ब्याज का भुगतान एवं साथ में आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि के भुगतान के लिये **पंजाब नैशनल बैंक, शाखा कार्यालय- एनएसआईसी बिल्डिंग, ओखला इण्डस्ट्रीयल एस्टेट, नई दिल्ली-110020** के प्रभार के अध्यधीन होगा।

अचल सम्पत्ति का विवरण

भूमि व भवन जो श्री सोमवीर सिंह के नाम से खेवट नं. 167, खतौनी नं. 195, खसरा नं. 159/3/1 (नया खेवट नं. 175, खतौनी नं. 205) 3-के-7एम का 214/335 वां हिस्सा अर्थात् 2के-2.8एम, भिवानी रोहतक रोड एसएच-709 एवं कलानौर बाईपास पॉईन्ट, पावर हाऊस के सामने, मौजा जिन्दरन कला, तहसील- कलानौर, जिला - रोहतक (हरियाणा) में स्थित, जिसका क्षेत्रफल 1294 वर्गगज है।

दिनांकः 14.10.2019, स्थानः कलानौर, जिला- रोहतक प्राधिकृत अधिकारी पंजाब नैशनल बैंक

BOI बैंक ऑफ इंडिया Bank of India
अशोक विहार शाखा, सी-2/21, फेज-II, अशोक विहार, दिल्ली-110052

परिशिष्ट - IV (नियम - 8(1) सांकेतिक कब्जा सूचना
अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत बैंक ऑफ इंडिया का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(4) के अधीन प्रदत शक्तियों के अंतर्गत कर्जदार **मैसर्स कुकू टायर्स** को मांग सूचना दिनांकित 08.07.2019 को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि रु. **35,67,573.02 (रुपये पैंतीस लाख पैंसठ हजार पाँच सौ तिहत्तर और पैसे दो मात्र) दिनांक 07.07.2019 तक भविष्य का ब्याज, आकस्मिक एवं अन्य प्रभार इत्यादि सहित** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार राशि का प्रतिभुगतान करने में असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमें नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **18.10.2019** को लिया है।
विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन बैंक ऑफ इंडिया, कृष्णा नगर शाखा, दिल्ली के प्रभार वास्ते रु. **35,67,573.02** और भविष्य का ब्याज, आकस्मिक एवं अन्य प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा।
उधारकर्ताओं/गारंटर्स का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि व्यवसायिक सम्पत्ति प्लॉट भूमि नं. ए डब्ल्यू-411, ब्लॉक नं. ए डब्ल्यू, संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर के ले-आउट प्लान के अंतर्गत, गाँव समयपुर बादली जिला नई दिल्ली-110042 में स्थित, क्षेत्रफल 55.00 वर्ग मी.
(सभी अधिकारों के साथ - साथ पट्टे पर अधिकार, आकलन और मूल्यांकन के साथ सदा के लिए अधिकार)
चौहदी : उत्तर में -रोड, दक्षिण में - सर्विस लेन, पूरब में - सम्पत्ति नं. 412, पश्चिम में - सम्पत्ति नं. 410

दिनांक : 18-10-2019, स्थान : नई दिल्ली **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया**

दि स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
पंजी. कार्यालय : जवाहर व्यापार भवन, टॉलस्टॉय मार्ग
नई दिल्ली-110 001 दूरभाष. 011-23313177
(CIN: L74899DL1956GOI002674)

बोर्ड बैठक करने का नोटिस

सेबी (सुचिबद्धता और प्रकटन आवश्यकता) विनियम, 2015 के विनियम, 2015 के विनियम 29 के अनुसरण में, आप को सूचित किया जाता है कि अन्य बातों के साथ साथ 30 सितम्बर 2019 को समाप्त तिमाही तथा अर्धवार्षिक अलेखापरीक्षित वित्तीय लेखा परिणामों (समेकित और असमेकित) तथा कार्यसूची के अन्य मुद्दों पर विचार करने, अनुमोदन देने और रिकार्ड में लेने हेतु दि स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 8 नवम्बर, 2019 को आयोजित की जाएगी।
यह नोटिस कम्पनी की वेबसाइट **www.stclimited.co.in** और स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

(दीपक सी एस)
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
दिनांक: अक्टूबर 17, 2019

अंतिम टैस्ट में भी जोरदार भिड़ंत की उम्मीद

टैस्ट चैंपियनशिप के कारण दांव पर लगे हैं अहम 40 अंक

मैच का समय
सुबह 9:30 से

रांची, 18 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय टीम शनिवार से शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टैस्ट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ शृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी। भारत पहले ही शृंखला जीत चुका है जिससे यह मैच औपचारिक लग रहा है। लेकिन विश्व टैस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही टैस्ट शृंखला के कारण अहम 40 अंक दांव पर लगे हुए हैं। दक्षिण अफ्रीकी टीम भी इस अंक के लिए अंतिम मैच में किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी।

भारत ने पहले दो टैस्ट मैचों में दक्षिण अफ्रीका पर हर विभाग में अपना दबदबा बनाया। उसने विशाखापत्तनम में 203 रन से जीत दर्ज की और फिर पुणे टैस्ट को पारी और 137 रन से जीतकर फ्रीडम ट्रॉफी फिर से हासिल की। विश्व चैंपियनशिप में भारत के अभी चार मैचों में 200 अंक हैं और उसने अपने करीबी प्रतिद्वंद्वी न्यूजीलैंड और श्रीलंका पर 140 अंकों की बड़ी बढ़त बना रखी है। कोहली पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि अंतिम टैस्ट मैच में भी काफी कुछ दांव पर लगा है और टीम किसी भी तरह से ढिलायी नहीं बरतेगी।

भारतीय गेंदबाजी और बल्लेबाजी मजबूत

अंतिम टैस्ट मैच से पूर्व भारतीय टीम में बल्लेबाजी या गेंदबाजी में कोई खास कमजोरी नजर नहीं आती है। भारतीय शीर्ष क्रम ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। रोहित शर्मा ने लंबे प्रारूप में सलामी बल्लेबाज के रूप में अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। उन्होंने पहले टैस्ट मैच में पहली बार पारी का आगाज करते हुए दोनों पारियों में शतक लगाए। मुंबई के इस बल्लेबाज के साथी मयंक अग्रवाल ने विशाखापत्तनम में दोहरा शतक लगाया तो पुणे में भी वह सैकड़ा जमाने में सफल रहे। पुणे में हालांकि कोहली ने 254 रन की जादुई पारी खेली जो उनके करिअर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। रोहित पुणे में नहीं चल पाए थे और वह इसकी भरपाई यहां करना चाहेंगे।

तीसरे टैस्ट की पूर्व संध्या पर अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय स्पिनर आर अश्विन और मुख्य कोच रवि शास्त्री।

कुलदीप बाहर, स्थानीय स्पिनर नदीम टीम में

बायें हाथ के स्पिनर शाहबाज नदीम को घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला जिन्हें चाइनामैन कुलदीप यादव के कंधे की चोट के कारण बाहर होने से भारतीय टैस्ट टीम में शामिल किया गया। नदीम झारखंड और भारत ए के लिए कई बार शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं। झारखंड के लिए लगातार सत्र में 50 से ज्यादा विकेट हासिल कर चुके हैं। 30 साल के इस स्पिनर ने 110 प्रथम श्रेणी मैचों में 424 विकेट चटकाए हैं जिसमें 19 बार वह पांच विकेट जबकि पांच बार 10 विकेट हासिल कर चुके हैं।

स्पिनरों के अनुकूल रांची की पीच

दक्षिण अफ्रीकी कप्तान डुप्लेसिस पहले ही कह चुके हैं कि रांची की पिच स्पिनरों के अनुकूल होगी और ऐसे में कुलदीप यादव के रूप में तीसरा स्पिनर भी भारतीय एकादश में जगह बना सकता है। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने विशाखापत्तनम में कुछ दम दिखाया था लेकिन पुणे में वे नाकाम रहे थे। केवल पुछल्ले बल्लेबाजों ने ही भारतीय गेंदबाजों को कुछ परेशान किया। डुप्लेसिस ने ऐसे में अनुभवी बल्लेबाजों से जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी करने के लिए कहा है।

मेरे पंत के बीच अच्छी समझ : साहा

रांची, 18 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय टैस्ट टीम में जगह बनाने को लेकर भले ही ऋद्धिमान साहा और ऋषभ पंत के बीच तगड़ी प्रतिस्पर्धा है लेकिन इन दोनों विकेटकीपरों के बीच रिश्ते प्रभावित नहीं हुए हैं। कंधे में चोट के कारण साहा लगभग 20 महीने तक राष्ट्रीय टीम से बाहर रहे। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी मौजूदा शृंखला में वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। साहा ने पुणे में खेले गए दूसरे टैस्ट में कुछ कमाल के कैच लपके।

साहा छह दिन के बाद अपना 35वां जन्मदिन मनाएंगे। टीम के अभ्यास सत्र के दौरान उनको कई बार पंत की मदद करते देखा गया। शृंखला के तीसरे और आखिरी टैस्ट की पूर्व संध्या पर जब उनसे पूछा गया कि क्या वह पंत के मेंटोर की भूमिका निभा रहे हैं तो उन्होंने कहा, 'नहीं, ऐसा कुछ नहीं है। हम बस वैसी ही चर्चा करते हैं जैसे विकेटकीपर आपस में करते हैं। श्रीधर (क्षेत्ररक्षक कोच), पंत और मैं मिलकर फैसला करते हैं कि किस तरह के विकेट पर कैसी कीपिंग करनी है।

साहा ने कहा कि उनके बीच तालमेल अच्छा है जो एक साथ काम करने को आसान बनाता है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा एक-दूसरे की विकेटकीपिंग को देखते हैं। हम अपने अभ्यास सत्र में कड़ी मेहनत करते हैं और हमारे बीच अच्छी समझ और समन्वय है। हम हमेशा एक-दूसरे की गलतियों को बताने की कोशिश करते हैं। यह अब तक अच्छा चल रहा है।

टॉस जीतने के लिए किसी को भी मैदान पर भेजने को तैयार डुप्लेसिस

रांची, 18 अक्तूबर (भाषा)।

एशिया में लगातार नौ मैचों में टॉस गंवाने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डुप्लेसिस अब सिक्के की उछाल में अनुकूल परिणाम के लिए किसी अन्य को भी मैदान पर भेजने को तैयार हैं। दक्षिण अफ्रीका भारतीय परिस्थितियों में जूझता रहा है और पहले दो टैस्ट मैचों में टॉस नहीं जीतने से उसके लिए चीजें और मुश्किल हो गई। भारत ने विशाखापत्तनम और पुणे में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 500 से अधिक रन बनाए।

डुप्लेसिस ने कहा कि हम वास्तव में चाहते हैं कि हम इस टीम से अपनी शर्तों पर मुकाबला करें। पहले टैस्ट मैच में कुछ चरणों में हमने ऐसा किया। इसलिए उम्मीद है कि हम टॉस से इसकी शुरुआत करेंगे। उन्होंने हल्के फुल्के अंदाज में कहा कि संभवतः हम बदलाव करेंगे.... शनिवार को टॉस के लिए किसी अन्य को भेजकर, क्योंकि मेरा रिकार्ड अभी तक इसमें (टॉस जीतने) अच्छा नहीं रहा है।

निकहत की मांग पर रिजीजू ने कहा

देश के हित में फैसला करने के लिए कहूंगा

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (भाषा)।

खेल मंत्री किरन रिजीजू ने मुक्केबाज निकहत जरीन और एमसी मैरी कॉम के बीच चल रहे मामले में स्पष्ट किया कि वह केवल महासंघ को देश और खिलाड़ियों के हित में सर्वश्रेष्ठ फैसला लेने के लिए ही कह सकते हैं। निकहत ने गुरुवार को रिजीजू को पत्र लिखकर चीन में अगले साल होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर के लिए टीम चयन से पहले मैरी कॉम के खिलाफ ट्रायल मुकाबला आयोजित करने की मांग की थी।

इससे पहले भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआइ) ने कहा था कि मैरी कॉम के विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए वह उन्हें चुनने का इरादा रखता है। इसके बाद ही जरीन ने यह पत्र लिखा। रिजीजू ने जरीन के पत्र के जवाब में कहा कि मैं निश्चित तौर पर मुक्केबाजी महासंघ को देश, खेल और खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ हितों को ध्यान में रखते हुए फैसला करने के लिए कहूंगा।

मंत्री को हालांकि खेल संघों द्वारा खिलाड़ियों के चयन में शामिल नहीं होना चाहिए क्योंकि खेल संघ ओलंपिक चार्टर के अनुसार स्वायत्त हैं। मैरी कॉम ने पहले ही साफ कर दिया था कि वह बीएफआइ के फैसले के अनुसार चलेगी। बीएफआइ ने पहले कहा था कि विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण और रजत पदक विजेता मुक्केबाजों का ही ओलंपिक क्वालीफायर के लिए सीधे चयन होगा।

अभ्यास

जापान के बेपू में शुक्रवार को प्रशिक्षण के दौरान सूमो पहलवान

एशियाई चैंपियनशिप में मुक्केबाजों ने जीते 21 पदक

जनसत्ता संवाददाता/भाषा
नई दिल्ली, 18 अक्तूबर।

भारतीय मुक्केबाजों ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह में आयोजित एशियाई जूनियर चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने छह स्वर्ण, नौ रजत के साथ कुल 21 पदक हासिल किए।

टूर्नामेंट में 26 देशों ने भाग लिया था जिनमें भारत कुल पदकों के मामले में शीर्ष पर रहा। हालांकि भारत तालिका में उज्बेकिस्तान (20 पदक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा जिसने आठ स्वर्ण जीते।

टूर्नामेंट में 26 देशों ने भाग लिया था जिनमें भारत कुल पदकों के मामले में शीर्ष पर रहा।

भारत तालिका में उज्बेकिस्तान (20 पदक) के बाद दूसरे स्थान पर रहा जिसने आठ स्वर्ण जीते।

पुरुषों में विश्वनाथ सुरेश (46 किग्रा) और विश्वामित्र चोंगथम (48 किग्रा) ने स्वर्ण जीते।

भारतीय पुरुष टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक जीते जबकि महिला टीम ने गुरुवार शाम समाप्त हुए टूर्नामेंट में चार स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक हासिल किए। पुरुषों में विश्वनाथ सुरेश (46 किग्रा) और विश्वामित्र चोंगथम (48 किग्रा) ने स्वर्ण जीते।

राष्ट्रीय चैंपियन कल्पना (46 किग्रा), प्रीती दहिया (60 किग्रा), तशबीर कौर संधू (80 किग्रा) और अल्फिया तरन्नुम पठान (80 किग्रा से अधिक) ने महिलाओं के वर्ग में स्वर्ण जीते।

योगेश कागड़ा (63 किग्रा), जयदीप रावत (66 किग्रा) और राहुल (70 किग्रा) ने पुरुषों के वर्ग में जबकि तमन्ना (48 किग्रा), तन्नू (52 किग्रा), नेहा (54 किग्रा), खुशी (63 किग्रा), शारवरी कल्यांकर (70 किग्रा) और खुशी (75 किग्रा) ने महिलाओं के वर्ग में रजत पदक अपने नाम किए।

महिलाओं के वर्ग में रिंकू (50 किग्रा), अंबेश्वरी देवी (57 किग्रा) और माही लामा (66 किग्रा) जबकि विजय सिंह (50 किग्रा), विक्टर सिंह शेखोम (52 किग्रा) और वंशज (60 किग्रा) ने पुरुषों के वर्ग में कांस्य पदक हासिल किया। टूर्नामेंट में 26 देशों के 293 (170 पुरुष और 69 महिला) मुक्केबाजों ने भाग लिया था।

फाइनल से पहले भारतीय हॉकी टीम ने ब्रिटेन से ड्रॉ खेला

हॉकी

जोहोर बाहरू (मलेशिया), 18 अक्तूबर (भाषा)।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम और ब्रिटेन ने शुक्रवार को यहां नौंवे सुल्तान जोहोर कप के अंतिम राउंड रोबिन मैच में 3-3 से ड्रॉ खेला। पहले क्वार्टर में भारत ने कब्जा बनाए रखा और ज्यादातर हमलों में आगे रहे लेकिन ब्रिटेन के डिफेंस में सेंध नहीं लग सका। दूसरे क्वार्टर में भी भारत ने कोशिश जारी रखी जिसमें गुरसाहिबजीत सिंह का शॉट नाकाम रहा।

ब्रिटेन को 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के जरिए पहला मौका मिला और इयोन वाल की ड्रैगफ्लिक से टीम ने पहला गोल कर दिया। ब्रिटेन ने फिर 23वें मिनट में एंड्रयू मैककोनेल के गोल से बढ़त दोगुनी कर दी और ब्रेक तक स्कोर 2-0 रहा। शिलानंद लकड़ा ने इस अंतर को कम किया और फिर मंदीप मोर ने 51वें मिनट में स्कोर 2-2 से बराबर किया।

ब्रिटेन को पता था कि उन्हें फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए महज ड्रॉ की जरूरत है। सर्कल के पास दिलप्रीत को गिराए जाने के बाद भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिस पर शारदानंद तिवारी ने भारत को बढ़त दिला दी। हालांकि मैथ्यू रेनशॉ ने 59वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से स्कोर 3-3 से बराबर कर सुनिश्चित किया कि दोनों टीमें शनिवार को एक दूसरे से फाइनल खेलें।

महिला टीम के लिए सहयोगी स्टाफ के चयन पर विवाद | **बीसीसीआइ** | इडुल्जी और रंगास्वामी ने नियुक्ति पर उठाए सवाल

पुरुष टीम के साथ भी क्या आप ऐसा ही करेंगे?

नई दिल्ली, 18 अक्तूबर (भाषा)।

सीओए सदस्य डायना इडुल्जी और बीसीसीआइ की शीर्ष परिषद की नई सदस्य शांता रंगास्वामी ने महिला राष्ट्रीय टीम के लिए सहयोगी स्टाफ की 'असंवैधानिक' नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बोर्ड के सीईओ राहुल जौहरी को पत्र लिखकर अपनी बात रखी है। जीएम (क्रिकेट परिचालन) सबा करीम महिला क्रिकेट का कार्यभार संभालते हैं। इन नियुक्तियों के लिए वह संदेह के घेरे में हैं।

शांता रंगास्वामी

हेमलता काला की अगुआई वाले महिला चयन पैनल ने एक दिन पहले सीईओ को लिखकर दावा किया कि उन्हें सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया से दूर रखा गया था।

इसके एक दिन बाद पूर्व भारतीय कप्तान इडुल्जी और रंगास्वामी ने राष्ट्रीय महिला टीम के साथ इस तरह के रवैये की आलोचना की।

हेमलता काला की अगुआई वाले महिला चयन पैनल ने एक दिन पहले सीईओ को लिखकर दावा किया कि उन्हें सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति प्रक्रिया से दूर रखा गया था। इसके एक दिन बाद पूर्व भारतीय कप्तान इडुल्जी और रंगास्वामी ने राष्ट्रीय महिला टीम के साथ इस तरह के रवैये की आलोचना की। बीसीसीआइ संविधान के अनुसार चयनकर्ता ही पुरुष और महिला राष्ट्रीय टीम के सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति करते हैं। हाल में पुरुष टीम के सहयोगी स्टाफ की नियुक्ति के लिए इस प्रक्रिया का पालन किया गया था। इडुल्जी ने पत्र में लिखा, 'मैं महिला चयनकर्ताओं द्वारा आपको लिखे गए ईमेल में लिखी बातें पढ़कर हैरान हूं कि वीडियो विश्लेषक के चयन के लिए गलत प्रक्रिया का पालन किया गया।'

उन्होंने लिखा, 'यह और भी चिंता की बात है कि पुष्कर सावंत वेस्ट इंडीज के लिए फ्लाइट भी बुक करा चुके हैं जिन्हें सबा करीम और एनसीए इस पद पर चाहते थे। यह पूरी प्रक्रिया ही आंखों में धूल झोंकने वाली लगती है। चयनकर्ताओं ने दावा किया है कि उन्हें महिला टीम के गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच की नियुक्ति के लिए भी विश्वास में नहीं लिया गया था। उन्हें सिर्फ वीडियो विश्लेषक की भूमिका के लिए साक्षात्कार कराने के लिए कहा गया जिसके लिए प्रक्रिया शुक्रवार को समाप्त हुई। इडुल्जी और रंगास्वामी ने दावा किया कि वीडियो विश्लेषक की भूमिका के लिए भी नियमों का उल्लंघन किया गया।

इडुल्जी ने कहा कि मुझे शांता रंगास्वामी से भी ईमेल मिला है जिन्हें बीसीसीआइ की शीर्ष परिषद का संदस्य नामित किया गया है। इसे आपको और चयनकर्ताओं को भी भेजा गया है जिसमें उन्होंने बताया है कि ये चीजें जानबूझकर की गई हैं ताकि शीर्ष पर बैठे लोग अपने व्यक्तियों को गलत तरीके से इन पदों पर बिठा लें। यह बहुत ही गंभीर आरोप है। उन्होंने लिखा, 'यह राष्ट्रीय भारतीय टीम है जो यात्रा कर रही है और उनके साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है। मुझे हैरानी है कि क्या आप पुरुष टीम के साथ भी ऐसा ही करोगे?'

सरफराज टैस्ट और टी-20 कप्तान पद से बर्खास्त

कराची, 18 अक्तूबर (भाषा)।

श्रीलंका के खिलाफ घरेलू शृंखला गंवाने के बाद पाकिस्तान ने शुक्रवार को सरफराज अहमद को टैस्ट और टी-20 कप्तान पद से बर्खास्त कर दिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आधिकारिक बयान में कहा कि अनुभवी बल्लेबाज अजहर अली आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टैस्ट मैचों में टैस्ट टीम की अगुआई करेंगे जबकि बाबर आजम नवंबर में होने वाले इस दौरे में टी-20 टीम का जिम्मा संभालेंगे।

सरफराज पिछले दो वर्षों से तीनों प्रारूपों में कप्तान थे। उनकी अगुआई में पाकिस्तान ने 2017 में आइसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी। टैस्ट और वनडे में उनकी अगुआई में पाकिस्तान की रैंकिंग नीचे गिरी जबकि श्रीलंका के खिलाफ हाल में टी-20 शृंखला में उसने सभी मैच गंवाए।

खबर कोना

एफआइएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर्स के लिए चुनी गई पुरुष और महिला टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और रानी रामपाल।

मैरी कॉम की अकादमी में गुडईयर के सहयोग से नया रिंग

इंफल, 18 अक्तूबर (भाषा)।

छह बार की विश्व चैंपियन एमसी मैरी कॉम की यहां स्थित मुक्केबाजी अकादमी में टायर निर्माता कंपनी गुडईयर इंडिया की मदद से नया रिंग और कुछ अन्य आधारभूत ढांचा तैयार किया गया है। इस रिंग का औपचारिक उद्घाटन मैरी कॉम और उनके पति ओनलर कोम ने किया जो कि अकादमी के सह संस्थापक और प्रबंध निदेशक हैं। इसके अलावा कंपनी ने अकादमी में भोजन कक्ष और रसोईघर के पहले चरण के निर्माण में भी मदद की। छत्तीस वर्षीय मैरी कॉम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था जो उनका इस प्रतियोगिता में रेकार्ड आठवां पदक है। मैरी कॉम राज्यसभा सांसद भी हैं।

लेग स्पिनर नहीं उतारने पर बांग्लादेश के दो कोच बर्खास्त

ढाका, 18 अक्तूबर (एएफपी)।

अदद लेग स्पिनरों की खोज में लगे बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) में लेग स्पिन गेंदबाजों को अंतिम एकादश में शामिल नहीं करने पर प्रथम श्रेणी स्तर के दो कोच को बर्खास्त कर दिया। बांग्लादेश को अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए अदद लेग स्पिनर की तलाश है। यही नहीं बल्लेबाजों को घरेलू मैचों में लेग स्पिन खेलने का ज्यादा मौका नहीं मिलता और यही वजह है कि हाल में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान ने बांग्लादेश की इस कमजोरी का पूरा फायदा उठाया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को पुष्टि की कि निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण दो कोच को बर्खास्त कर दिया गया है। ढाका की टीम में लेग स्पिनर जुबैर हुसैन और खुलना की टीम में रिशाद हुसैन को हाल में खेले गए प्रथम श्रेणी मैचों के लिए अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था।

टी-10 में टीम अबुधाबी के कोच होंगे ट्रेवर बेलिस

अबुधाबी, 18 अक्तूबर (भाषा)।

विश्व कप विजेता कोच ट्रेवर बेलिस 15 नवंबर से शुरू होने वाले टी-10 टूर्नामेंट में टीम अबुधाबी के कोच होंगे जबकि इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली उसकी अगुआई करेंगे। खिलाड़ियों के वार्षिक ड्राफ्ट के अनुसार आठ टीमों में 110 खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें श्रीलंका के लेसिथ मलिंगा, वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर कीरेन पोलार्ड और पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर शामिल हैं। टीम अबुधाबी टूर्नामेंट की आठवीं टीम है जिसके आइकन खिलाड़ी मोईन अली हैं। इसके अलावा श्रीलंका के निरोशन डिकवेला, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर कोरी एंडरसन और आमिर भी टीम का हिस्सा हैं। वेस्ट इंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी मौजूदा चैंपियन नॉर्दर्न वॉरियर्स के आइकन खिलाड़ी होंगे।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 36, अंक 335, *हवाई शुल्क:* इंफल-पांच रुपए, गुवाहाटी-चार रुपए, रायपुर-दो रुपए और पटना-एक रुपए।
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए आर. सी. मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com, फैक्सः (0120) 2470753, 2470754, **बोर्ड अध्यक्षः विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज***, *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।